

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 61 सोमवार 13 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण एकादशी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया


# खामोश हुई सुरों की जादुई दुनिया 'आशा भोसले'

## राष्ट्रपति, पीएम मोदी, सीएम योगी समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली/ लखनऊ :** दिग्गज गायिका आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार कल किया जायेगा। आशा भोसले के निधन से संगीत जगत से लेकर राजनीतिक जगत तक में शोक की लहर व्याप्त है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, देवेंद्र फडणवीस समेत कई नेताओं ने आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को प्रख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संगीत जगत में खालीपन आ गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रतिष्ठित गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। भोसले का 92 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। उनकी पोती जनाई भोसले ने बताया कि सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण उन्हें शनिवार शाम मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रपति ने कहा, "आशा भोसले जी के निधन से संगीत जगत में खालीपन आ गया है। प्रख्यात गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया।" उन्होंने कहा कि उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं। राष्ट्रपति ने कहा, "उन्होंने एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में अपनी शर्तों पर अपना जीवन जिया। अपनी मधुर और सदाबहार आवाज से उन्होंने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया।" मुर्मू ने कहा, "उनका संगीत अमर रहेगा। उनका निधन संगीत प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं।"

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने महान गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को अपने शोक संदेश में कहा, "महान गायिका आशा भोसले जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति मेरी संवेदनाएं।"




उन्होंने कहा कि आशा भोसले की बहुमुखी आवाज ने उन्हें विभिन्न संगीत शैलियों में सहज रूप से पारंगत बनाया, जिसमें गजल और भजन जैसी विधाएं भी शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनकी अमर आवाज और संगीत विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी और करोड़ों लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान गायिका के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा है कि भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी प्रतिभा की धनी शख्सियतों में से एक, आशा भोसले के निधन से अत्यंत दुखी हूं, वह पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत लोगों के जीवन में हमेशा गूंजते रहेंगे, उनकी दशकों की असाधारण संगीतमय यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आशा भोसले का निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है और उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत की सुर साम्राज्ञी आशा भोसले जी का निधन मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पार्श्व गायिका के रूप में उन्होंने हजारों फि ल्मों एवं संगीत एल्बम्स में अपनी आवाज दी। उनके गाए हुए गीतों को भारत की कई पीढ़ियों ने सुना और गुनगुनाया है। उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। आशा भोसले जी का निधन संगीत और जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।"

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से भारतीय संगीत को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया और अनेक फिल्मों व गीतों को अमर बनाया। गडकरी ने कहा, "भारतीय संगीत जगत की मशहूर और दिग्गज हस्ती गायिका पद्म विभूषण आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि।



**वार अपडेट**

### 'टोल देकर होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को रोकेंगे': वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रंप, नाकेबंदी का किया एलान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान में हुए नाकाम शांति वार्ता के बाद ईरान पर गंभीर आरोप लगाए। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने का वादा तोड़ा और समुद्र में माइंस बिछाई, जिससे वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर संकट गहराया है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया और तुरंत जलमार्ग खोलने की मांग की। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में हुई नाकाम शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बेहद सख्त और तीखा बयान जारी किया है, जिसने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने का वादा किया था, लेकिन जानबूझकर उसे तोड़ा, जिससे दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता, डर और संकट की स्थिति पैदा हो गई है। उनके मुताबिक, यह कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और ईरान की गैर-जिम्मेदार हरकतों ने वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दी है।

### होर्मुज से पास होने वाले जहाजों की निगरानी करेगी अमेरिकी नौसेना

एक दूसरे पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि ईरान के साथ हुई बैठक में ज्यादातर मुद्दों पर सहमति बन गई, लेकिन सबसे अहम मुद्दा परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं हो सका। ट्रंप के अनुसार, इसके बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में आने-जाने वाले सभी जहाजों की निगरानी और रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी और टोल देकर होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को भी अमेरिकी नौसेना रोकेगी। उनका कहना है कि जब तक पूरी तरह भरोसेमंद स्थिति नहीं बनती, तब तक यह कदम जारी रहेगा।

**पीएम मोदी का सिलीगुड़ी से संदेश**

## 'बंगाल का मिजाज बीजेपी के साथ', वीडियो साझा कर बोले- लोगों के दिल-दिमाग में भाजपा

**एजेंसी समाचार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में हुई विशाल जनसभा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल का मिजाज अब साफ तौर पर भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। वीडियो में वे हेलीपैड के पास खड़े होकर समर्थकों की भीड़ की वीडियोग्राफी कर रहे थे। तस्वीरों में भारी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए हेलीपैड के पास पहुंचे थे। पीएम मोदी ने वीडियो के साथ कैप्शन दिया 'पश्चिम बंगाल का मिजाज देखने के लिए, यहां सिलीगुड़ी आइए। लोगों के दिलों-दिमाग में सिर्फ एक ही पार्टी है- भाजपा।'

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह हर पल देश और जनता के लिए समर्पित हैं। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों में उत्तर बंगाल के विकास को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी, जो नॉर्थ बंगाल का गेटवे है, उसे बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और उद्योग के मामले में पीछे रखा गया। ममता बनर्जी की पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा टीएमसी वालों कान खोलकर सुन लो, 4 मई के बाद भाजपा सरकार बनेगी और 15 साल का पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा 'टीएमसी सरकार अपने 15 साल पूरे कर चुकी है। 15 साल में बबार्दी आपने देखी है। मैं यहां काफी नौजवानों को देख रहा हूं। इनमें से अधिकांश साथी 15 साल पहले शायद पहली कक्षा में पढ़ते होंगे और इस चुनाव में आप बंगाल का भविष्य तय करने जा रहे हैं, आप वोट करने जा रहे हैं।



**चीन को भारत की दो टूक**

## अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के दावे को किया खारिज

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन की उन कोशिशों को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिनमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें भ्रामक और निरर्थक हैं और भारत इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करता है। मंत्रालय के अनुसार, चीन की तरफ से किया गया यह कदम गलत और बिना आधार का है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह खारिज करता है। जायसवाल ने दोहराया कि भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं करेगा।



जायसवाल ने आगे कहा कि भारत ऐसे सभी भ्रामक और गलत प्रयासों को पूरी तरह अस्वीकार करता है। उन्होंने साफ कहा कि चीन द्वारा किए जा रहे झूठे दावे और मनगढ़ंत कहानियां किसी भी तरह की सच्चाई को नहीं बदल सकतीं।

**पश्चिम एशिया संकट: पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से फोन पर की बात, कहा-**


## हम मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं

**एजेंसी समाचार**

**मॉस्को।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अस्थिर हालात के बीच अब रूस ने कूटनीतिक मोर्चे पर सक्रियता बढ़ा दी है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर बात की है। बातचीत में पुतिन ने संकेत दिया है कि रूस पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने को तैयार है। इससे पहले शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। ईरान और अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान भी पहुंचा था। हालांकि वहां बात नहीं बन पाई।

वहीं, पुतिन ने इस बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा संघर्ष को रोकने के लिए तुरंत हिंसा बंद करना जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि सैन्य कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं निकलेगा और केवल राजनीतिक व कूटनीतिक रास्ता ही स्थायी शांति दिला सकता है। क्रेमलिन के अनुसार रूस सभी पक्षों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने की दिशा में काम कर रहा है और स्थिति को शांत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

रूस की यह पहल केवल एक



बयान नहीं बल्कि रणनीतिक कदम भी मानी जा रही है। पुतिन पहले भी कई देशों और खाड़ी क्षेत्र के नेताओं के संपर्क में रहे हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि रूस खुद को इस संकट में एक अहम कूटनीतिक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना चाहता है और वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका मजबूत करना चाहता है।

पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा ने पूरे विश्व को चिंतित कर दिया है। इस्राइल और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में जारी हमलों ने हालात को और जटिल बना दिया है। इससे न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। यही कारण है कि बड़ी ताकतें अब इस संकट को जल्द सुलझाने के लिए सक्रिय हो रही हैं।

रूस ने साफ कर दिया है कि वह युद्ध नहीं बल्कि बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। पुतिन ने कहा कि सभी पक्षों को संयम दिखाना होगा और बातचीत के जरिए ही स्थायी शांति हासिल की जा सकती है। रूस की यह पहल ऐसे समय में आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में भी अनिश्चितता बनी हुई है।

### 'पूरी सभ्यता मिट सकती है': ट्रंप ने बताया क्यों दी थी ईरान को ये धमकी, अब होर्मुज पर भी दे दी कड़ी चेतावनी

**एजेंसी समाचार**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सख्त रुख अपनाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में ऑल इन-ऑल आउट नीति की बात कही है। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर



समझौता नहीं हुआ तो उसकी ऊर्जा व्यवस्था को नष्ट किया जा सकता है। ट्रंप ने अपने विवादित बयान को सही ठहराया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा और सख्त बयान दिया है। ट्रंप ने अपने पहले दिए गए विवादित बयान पूरी सभ्यता मिट सकती है को सही ठहराते हुए कहा कि इसी दबाव की वजह से ईरान बातचीत की मेज पर आया है। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि अमेरिका अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर कड़ा रुख अपनाने जा रहा है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ऑल इन-ऑल आउट रणनीति अपनाएगा। इसका मतलब है कि या तो सभी जहाजों को आवाजाही की अनुमति होगी या फिर किसी को नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान को तेल बेचकर पैसा कमाने नहीं देगा और इसके लिए पूरी तरह से नाकेबंदी लागू की जा सकती है। ट्रंप के मुताबिक कई देश भी इस कदम में अमेरिका का साथ दे सकते हैं।

ट्रंप के बयान से साफ है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नियंत्रित करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है। अगर यहां नाकेबंदी होती है, तो इसका असर वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर सीधे पड़ेगा। ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका इस मुद्दे पर किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा।

ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान की पूरी ऊर्जा व्यवस्था को खत्म कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका एक दिन के भीतर ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे को नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह बयान साफ तौर पर सैन्य दबाव बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह बयान ईरान पर दबाव बनाने और उसे शर्तों पर राजी करने की कोशिश हो सकती है। हालांकि, इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ने का खतरा भी है। पश्चिम एशिया में हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। एक तरफ बातचीत की कोशिशें जारी हैं, तो दूसरी तरफ कड़े बयान और सैन्य चेतावनियां माहौल को और जटिल बना रही हैं। अब यह देखना अहम होगा कि क्या यह सख्ती शांति समझौते का रास्ता खोलती है या फिर तनाव को और बढ़ा देती है।

**यूपी में बड़ा हादसा**

## यमुना एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस पलटी, मची चीख-पुकार; 20 से अधिक यात्री घायल







**एजेंसी समाचार**

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मथुरा स्थित नौहझील थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 76 पर एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 20 से यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। थाना प्रभारी सोनू सिंह और उपनिरीक्षक हरेंद्र तोमर पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एंबुलेंस और राहगीरों की मदद से घायल यात्रियों को बस से निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को नौहझील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। अन्य यात्रियों को मामूली चोटें लगी हैं। नौहझील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम घायलों का इलाज कर रही है।

जानकारी प्राप्त हुई है कि यह बस नोएडा से बिहार के दरभंगा जा रही थी। हादसे के बाद अंदर फंसे यात्री बस की खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकलते हुए नजर आ आए।

# प्लेटफॉर्म पर गश खाकर गिरे सब इंस्पेक्टर, हार्ट अटैक से गई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जंक्शन पर रविवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक सब इंस्पेक्टर अचानक प्लेटफॉर्म पर गिर पड़े और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की कोशिश की, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रयागराज से लौटे थे, प्लेटफॉर्म पर ही बिगड़ी तबीयत

जानकारी के अनुसार, थाना बारादरी क्षेत्र के ग्रीन वैली निवासी 52 वर्षीय शरद कुमार मुरादाबाद के थाना डिलारी में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। रविवार को वह प्रयागराज से लौटकर बरेली जंक्शन पहुंचे थे। जैसे ही वह प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंचे, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह चक्कर खाकर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और रेलवे कर्मियों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भेजा। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे स्टेशन पर मौजूद लोगों में शोक और सनसनी फैल गई।

### प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की आशंका

जीआरपी इंस्पेक्टर एसके वर्मा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। हालांकि, स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। घटना की सूचना मिलते ही मृतक सब इंस्पेक्टर के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जीआरपी ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आशा भोसले के सुरों से गूंजता रहा बरेली, सहसवान घराने से भी जुड़ी रही उनकी संगीत साधना

# 'झुमका गिरा रे' ने दिलाई अमर पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सहसवान-रामपुर संगीत घराने की परंपरा ने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को देश ही नहीं, दुनिया भर में पहचान दिलाई है। इसी समृद्ध परंपरा की एक बड़ी कड़ी रहे उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान, जिनकी शिष्य परंपरा में हिंदी सिनेमा की दिग्गज गायिका आशा भोसले का नाम भी सम्मान से लिया जाता है। बताया जाता है कि आशा भोसले ने उनसे शास्त्रीय संगीत की बारीकियां सीखीं और उसी साधना ने उनकी गायकी को असाधारण विस्तार दिया। उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान को पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था, जबकि उनका निधन जनवरी 2021 में हुआ था।

आशा भोसले भले ही बदायूं न आई हों, लेकिन सहसवान घराने से उनका जुड़ाव इस इलाके के लिए हमेशा गौरव का विषय रहा। उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के शागिर्दों में आशा भोसले के अलावा सोनू निगम, ए.आर. रहमान, हरिहरन और शान जैसे कई बड़े नाम शामिल रहे हैं। यही वजह है कि आशा भोसले के निधन को सिर्फ फिल्म संगीत की क्षति नहीं, बल्कि सहसवान घराने की शिष्य परंपरा के लिए भी बड़ा आघात माना जा रहा है। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई में 92 वर्ष की आयु में उनके निधन की खबर आने के बाद देशभर में शोक की लहर फैल गई।

आशा भोसले की आवाज में गाया गया सदाबहार गीत झुमका गिरा रे, बरेली के बाजार में आज भी बरेली की सांस्कृतिक पहचान का सबसे चमकदार प्रतीक माना जाता है। 1966 की फिल्म मेरा साया के इस गीत को संगीतकार मदन मोहन ने स्वरबद्ध किया था और इसे अभिनेत्री साधना पर फिल्माया गया था। दशकों बाद भी यह गीत लोगों की जुबान पर उतनी ही ताजगी से मौजूद है, जितना अपने दौर में था। इसी गीत ने बरेली को देशभर में एक अलग पहचान दी और शहर को 'झुमका सिटी' के रूप में लोकप्रिय बना दिया। करीब पांच दशक बाद बरेली ने भी इस सांस्कृतिक विरासत को सार्वजनिक रूप से अपनाया और शहर में विशाल झुमका स्थापित कर उस गीत को अपनी पहचान का हिस्सा बना लिया। यह सिर्फ एक फिल्मी गीत नहीं रहा, बल्कि बरेली की भावनात्मक और सांस्कृतिक छवि का प्रतीक बन गया। ऐसे में आशा भोसले का निधन बरेली के लिए भी निजी क्षति जैसा महसूस किया जा रहा है, क्योंकि उनकी आवाज ने इस शहर को वह पहचान दी, जिसे समय भी फीका नहीं कर सका।

### संगीत जगत ने माना अपूरणीय नुकसान

सहसवान घराने से जुड़े संगीतकारों और कलाकारों ने आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख जताया है। पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय उस्ताद निसार हुसैन खां के पौत्र मुज्तबा हसन खां ने इसे संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उनका कहना है कि आशा भोसले जैसी आवाजें सिर्फ पीढ़ियां नहीं बनातीं, बल्कि परंपराओं को लोकप्रिय संस्कृति से जोड़कर अमर कर देती हैं। सहसवान घराने की साधना, उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान की तालीम और आशा भोसले की बहुरंगी गायकी–इन तीनों ने मिलकर भारतीय संगीत को ऐसी विरासत दी है, जिस पर आने वाली पीढ़ियां भी गर्व करेंगी। उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के राष्ट्रीय सम्मानों और उनकी व्यापक शिष्य परंपरा को देखते हुए यह संबंध संगीत इतिहास में विशेष महत्व रखता है।

# धर्म की दीवार लांघ मुस्कान बनी सनातनी, कुनाल संग लिए सात फेरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाज की बंदिशों और धर्म की दीवारों को धता बताते हुए बिजनौर की मुस्कान खान और बरेली के कुनाल ने अपने प्यार को मुकाम दे दिया। अलग-अलग मजहब से ताल्लुक रखने वाले इस जोड़े ने तमाम विरोधों के बावजूद साथ जीने का फैसला किया और आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए।

बिजनौर के नजीबाबाद की रहने वाली मुस्कान खान ने अपने प्रेमी कुनाल के साथ जिंदगी बिताने के लिए बड़ा कदम उठाया। परिवार की असहमति के बावजूद मुस्कान ने न सिर्फ अपने रिश्ते को चुना, बल्कि स्वेच्छा से हिंदू धर्म भी अपना लिया। मुस्कान का कहना है कि उनका झुकाव शुरू से ही राधा-कृष्ण की भक्ति की ओर रहा है, जो समय के साथ और गहरा होता चला गया।





### अगस्त्य मुनि आश्रम में वैदिक रीति से विवाह

बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में दोनों का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। आश्रम के आचार्य पंडित केके शंखधार ने पहले मुस्कान का शुद्धिकरण कराया, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर दोनों ने सात फेरे लिए। इस दौरान उन्होंने जन्म-जन्मांतर तक साथ निभाने की कसमें खाईं। मुस्कान ने साफ कहा कि उन्होंने यह फैसला पूरी तरह अपनी इच्छा से लिया है। उनका कहना है कि उन्हें सनातन परंपराओं में आस्था है और अब वह पति कुनाल के साथ मंदिरों के दर्शन करने जाएंगी। शादी के बाद दोनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

### पंडित शंखधार फिर चर्चा में

इस शादी के बाद विवाह कराने वाले पंडित केके शंखधार एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि वे इससे पहले भी कई अंतरधार्मिक विवाह करवा चुके हैं और अब तक करीब 125 मुस्लिम युवतियों की शादी करवा चुके हैं। मुस्कान और कुनाल की यह कहानी एक बार फिर यह साबित करती है कि जब इरादे मजबूत हों, तो समाज की दीवारें भी छोटी पड़ जाती हैं। प्यार न धर्म देखता है, न सरहद–और यही इस रिश्ते की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आया है।

# मौत बनकर उफनी गंगा, तीन मासूम निगले, एक की लाश मिली, दो लापता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र में रविवार को दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। गंगा नदी में नहाने गए तीन मासूम बच्चे अचानक गहरे पानी में समा गए। घटना के बाद पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

थाना क्षेत्र के गांव खजूरा नगला पुख्ता के पास गंगा किनारे रहने वाले नौ वर्षीय केशव, दस वर्षीय गुड्डे और 11 वर्षीय अखिलेश रविवार को नहाने के लिए नदी में उतरे थे। बताया जा रहा है कि इन दिनों गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है, जिससे नदी में कई जगह गहराई अचानक बढ़ जाती है। इसी दौरान तीनों बच्चे संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में चले गए।



### ग्रामीणों ने मचाया शोर, मची अफरा-तफरी

बच्चों को डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। देखते ही देखते आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में नदी किनारे जुट गए। हर कोई बच्चों को बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन तब तक तीनों पानी में लापता हो चुके थे। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही यूपी-112 पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के साथ मिलकर तलाश अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद अखिलेश का शव बरामद कर लिया गया, जबकि केशव और गुड्डे का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों की तलाश जारी है।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

इस हृदयविदारक हादसे के बाद मृतक और लापता बच्चों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम पसरा है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर डटी हुई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही दोनों लापता बच्चों की तलाश पूरी करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि बढ़े हुए जलस्तर के दौरान बच्चों को नदी किनारे न जाने दें।

# नवाबगंज इंस्पेक्टर क्राइम सस्पेंड, विभागीय जांच भी शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पुलिस विभाग में अनुशासन तोड़ने वालों पर अब सीधे गाज गिर रही है। नवाबगंज थाने में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम जयपाल सिंह को दुर्व्यवहार के आरोप में एसएसपी अनुराग आर्य ने सस्पेंड कर दिया। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और यह संदेश साफ चला गया है कि अब किसी भी तरह की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं होगी।

### शिकायत से शुरू हुआ मामला

सूत्रों के मुताबिक, निरीक्षक जयपाल सिंह के कार्यशैली और व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मामला जब उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो इसकी जांच कराई गई।



शुरुआती पड़ताल में ही दुर्व्यवहार के आरोप सही पाए गए। इसके बाद एसएसपी ने बिना देर किए सख्त कदम उठाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। जैसे ही निलंबन की खबर सामने आई, पुलिस लाइन से लेकर थानों तक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। कई पुलिसकर्मी इस कार्रवाई को बड़ा संदेश मान रहे हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि हाल के दिनों में पुलिस की छवि को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे, ऐसे में यह कार्रवाई एक उदाहरण के तौर पर देखी जा रही है।

### विभागीय जांच भी तेज

सिर्फ निलंबन तक ही मामला सीमित नहीं है। एसएसपी ने पूरे प्रकरण की विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए हैं। जांच में यह भी देखा जाएगा कि कहीं इस मामले में और कोई कर्मचारी तो शामिल नहीं था या लापरवाही बरत रहा था। अगर ऐसा पाया गया तो कार्रवाई का दायरा और बढ़ सकता है। एसएसपी अनुराग आर्य पहले भी साफ कर चुके हैं कि पुलिस का व्यवहार ही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। ऐसे में आम जनता से बदसलूकी या अनुचित व्यवहार को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई को उसी सख्त नीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# बरेली में 17 कन्याओं का सामूहिक विवाह

## भव्य आयोजन में उमड़ा जनसैलाब, शहनाइयों के बीच गूंजे मंगलगीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कुर्मी क्षत्रिय सभा द्वारा आयोजित 18वें स्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया और विवाह परिचयिका का विमोचन किया गया। समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ 17 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री भगवत सरन गंगवार, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, ब्लॉक प्रमुख भूपेन्द्र कुर्मी,



आईएमए अध्यक्ष डॉ. डी.पी. गंगवार, प्रवेश राठौर, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, रत्नेश गंगवार समेत अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार ने की जबकि संचालन कुर्मी क्षत्रिय सभा के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार ने किया।

सामूहिक विवाह में शामिल 17 नवविवाहित जोड़ों को मंच पर बुलाकर अतिथियों ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। विवाह के बाद सभी को भोजन कराया गया और गृहस्थी हेतु उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, महामंत्री रामऔतार गंगवार, मूलचंद्र गंगवार, आलोक गंगवार, एड. मनोज बाबू गंगवार और मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार समेत कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और सामूहिक विवाह जैसी पहल से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने इसे सामाजिक समरसता की मिसाल बताया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में मजबूत कदम हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे प्रयास लगातार करने चाहिए।

कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष एड. के.पी. सेन गंगवार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज को एक मंच पर लाना और जरूरतमंद परिवारों की मदद करना है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह से सामाजिक बंधन मजबूत होते हैं और आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है। वहीं उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम और बड़े स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### ये कार्यकारिणी सदस्य रहे मौजूद

अरविन्द पटेल, विद्याराम गंगवार, ओमकार गंगवार, एड. मुनेन्द्र सिंह गंगवार, डा. उग्र सेन गंगवार, युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, अमित गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार गंगवार, तेज पाल गंगवार, भानू प्रताप गंगवार, मनोहर लाल गंगवार, प्रमोद कुमार सिंह, भद्र पाल गंगवार और महेश चन्द पटेल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# टॉप-10 की दौड़ में बरेली, कभी भी आ सकती है सर्वे टीम

## 15 अप्रैल के बाद दस्तक की आहट, कचरा प्रबंधन व सिटीजन फीडबैक सुधारने में जुटा नगर निगम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 को लेकर शहर में हलचल तेज हो गई है। नगर निगम इस बार देश के टॉप-10 शहरों में जगह बनाने के मिशन के साथ जमीनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। 15 अप्रैल के बाद कभी भी सर्वेक्षण टीम के आने की संभावना को देखते हुए हर विभाग अलर्ट मोड में है। पिछले साल तकनीकी खामियों और कमजोर सिटीजन फीडबैक से रैंकिंग प्रभावित हुई थी, जिसे सुधारने के लिए इस बार रणनीति पूरी तरह बदली गई है।

नगर निगम के एक्सईएन राजीव राठी के मुताबिक इस बार मुख्य फोकस कचरा प्रबंधन, स्रोत पर ही गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर है। सर्वेक्षण




टीम यह भी जांचेगी कि लोग घरों में कचरा अलग-अलग कर रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही डंपिंग यार्ड के प्रबंधन और कचरे से खाद या ऊर्जा बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों का भी आकलन होगा। हालांकि, संकरी गलियों में नियमित सफाई और नालों की स्वच्छता अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुराने शहर के इलाकों में कचरा उठान की निरंतरता बनाए रखना और खुले में कचरा फेंकने वाले हॉटस्पॉट खत्म करना निगम की प्राथमिकता में शामिल है।

इस बार नगर निगम सिटीजन फीडबैक को लेकर विशेष अभियान चला रहा है। निगम का मानना है कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के बावजूद जनता की कमजोर प्रतिक्रिया रैंकिंग गिरा देती है। इसी को देखते हुए वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। शहर की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है, वहीं टीम घर-घर जाकर लोगों को खुले में कूड़ा न फेंकने के लिए प्रेरित कर रही है। साथ ही सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाकर वहां गमले रखे जा रहे हैं ताकि शहर की सुंदरता भी बढ़े। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बरेली को कई बिंदुओं पर कमजोर पाया गया था। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावी नहीं थी, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण नहीं हो रहा था और सार्वजनिक शौचालयों का रख-रखाव भी संतोषजनक नहीं था। इसके अलावा बरेली 311 एप पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में देरी भी एक बड़ी खामी रही। इन सभी कमियों को इस बार दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### समाधान पर तेजी से काम

निगम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वाहनों की संख्या बढ़ा दी है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कचरा गाड़ियों में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग इकट्ठा किया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति सुधारने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही निगम के एप पर आने वाली शिकायतों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है ताकि नागरिक संतुष्टि बढ़ाई जा सके। बरेली ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। वर्ष 2019 में 117वें स्थान पर रहा शहर 2024 में 20वें स्थान तक पहुंच गया। अब निगम और जनता के बेहतर तालमेल के दम पर इस बार टॉप-10 में जगह बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## डंपिंग यार्ड से मिलेगी राहत

**बरेली।** शहरवासियों के लिए राहत की बड़ी खबर है। अब सड़कों और डंपिंग यार्डों में लगे कूड़े के ढेर जल्द ही इतिहास बन सकते हैं। नगर निगम ने शहर के 80 वार्डों से निकलने वाले करीब 500 मीट्रिक टन कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण तेज कर दिया है। अधिकारियों का दावा है कि मशीनों का इंस्टॉलेशन अंतिम चरण में है और जल्द ही ट्रायल शुरू होगा।

नगर निगम ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए दिल्ली की संस्था पीपुल्स एसोसिएशन फॉर टोटल हेल्प एप्लूज (पाथ्या) को जिम्मेदारी सौंपी है। मौके पर मशीनें पहुंच चुकी हैं और तेजी से फिटिंग का काम चल रहा है। पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी के मुताबिक यह प्लांट जीरो वेस्ट मैनेजमेंट सिद्धांत पर आधारित होगा, जिसमें कचरे का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। निगम कार्यदायी संस्था को प्रति टन 446 रुपये का भुगतान करेगा।

योजना के तहत शहर में डोर-टू-डोर कलेक्शन के जरिए गीला और सूखा कचरा अलग-अलग इकट्ठा किया जाएगा। गीले कूड़े से बायोगैस, सीएनजी और जैविक खाद तैयार की जाएगी, जबकि सूखे कचरे का रीसाइक्लिंग किया जाएगा। इससे न सिर्फ शहर साफ होगा, बल्कि आय के नए स्रोत भी तैयार होंगे। प्लांट पूरी तरह चालू होने के बाद सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

यह प्लांट शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने में भी अहम भूमिका निभाएगा। पिछले साल स्वच्छता सर्वेक्षण में बरेली को अपेक्षित स्थान नहीं मिल सका था। इसकी सबसे बड़ी वजह लीगेसी वेस्ट यानी पुराने कूड़े के ढेरों का निस्तारण न होना और प्रोसेसिंग यूनिट की कमी थी। अब 15 अप्रैल के बाद केंद्रीय टीम के संभावित दौरे को देखते हुए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कचरे के पृथक्करण और प्रोसेसिंग की व्यवस्था मजबूत कर इस बार रैंकिंग में लंबी छलांग लगाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E-Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### प्रदीप शर्मा बने सीओ

**रामपुर।** वर्ष 2018 से 20 तक से एलआईयू इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा का शासन स्तर से पुलिस उपाध्यक्ष के पद पर पदोन्नति हुई है। इनकी तैनाती वर्तमान समय में जनपद के मथुरा में एलआईयू इंस्पेक्टर के पद पर थी। प्रदीप शर्मा पुलिस उपाध्यक्ष ने बताया कि शासन स्तर से उनका प्रमोशनन होने के बाद अब उन्हें मथुरा जनपद में ही ज्वाइन कर लिया है।

# सड़क हादसा: पिकअप ने युवक को रौंदा, मौत

## शादी के कार्ड बांटने निकला था युवक, मिलक थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना, परिवार में मचा कोहराम




जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शादी के कार्ड बांटने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक पर पीछा बैठा एक युवक भी घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस मौके पर आ गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव जनकपुर निवासी 22 वर्षीय खुशीराम हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि शादी तय हो जाने के बाद घर आ गया था। उसके बाद अपने दोस्त के साथ रविवार की सुबह शादी के कार्ड बांटने के लिए रिश्तेदारों के यहां पर जा रहा था कि रास्ते में राहपुरा के पास पिकअप ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए थे। हादसे के बाद आस पास के लोग मौके पर दौड़ पड़े थे। उसके बाद पुलिस भी आ गई थी। जहां दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने खुशीराम को मृत घोषित कर दिया था। जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर उसको बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### 29 को मंडप और 30 अप्रैल को बारात की तैयारियां कर रखी थीं

खुशीराम की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। खुशीराम हरियाणा में मजदूरी कर अपने परिवार का सहारा था। जबकि खुशीराम के पिता शीशपाल भी मजदूरी करते हैं, मां घर का काम और उसका एक छोटा भाई पढ़ाई कर रहा है।उसकी मौत से परिवार पर गहरा दुख छा गया है। वही शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली मिलक पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह गंगवार ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वार के युवक की उत्तराखंड में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को बुरी तरह से रौंद दिया। जिसमें 27 वर्षीय ठेका सफाई कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका फुफेरा भाई घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पोस्मार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। नगर के मोहल्ला खास स्वार स्थित वाल्मीकि बस्ती निवासी महेन्द्र वाल्मीकि नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मी है। उनका 28 वर्षीय बेटा विकास पालिका में ठेका सफाई कर्मी है। शनिवार को विकास बाइक से उत्तराखंड के गदरपुर निवासी अपने फुफेरे भाई रजत के पास गया था। दोनो बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। बाइक जब गदरपुर केलाखेड़ा मार्ग के बीच महतोष मोड़ पर पहुंची कि तेज गति से आ रहे कैंटर ने बाइक बुरी तरह से रौद दिया। जिसमें दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद किसी व्यक्ति ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रुद्रपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। रजत का उपचार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को मृतक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।




# शाहबाद में अज्ञात वाहन की टक्कर से ई- रिक्शा चालक की मौत

- शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे स्थित केसरपुर मोड़ के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के सैफनी में मुर्गा पहुंचकर शाहबाद वापस आ ई- रिक्शा चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में ई-रिक्शा चालक युवक बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, जिसको उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से रेफर करने के बाद परिजन युवक को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



शाहबाद नगर के मोहल्ला मस्जिद काजी निवासी भूरा (30) पुत्र शफी अहमद रविवार सुबह अपनी ई- रिक्शा में जिंदा मुर्गा भरकर सैफनी पहुंचाने गया था, मुर्गा पहुंचकर भूरा अपनी ई- रिक्शा से शाहबाद लौट रहा था, रास्ते में शाहबाद बिलारी स्टेट हाईवे स्थित केसरपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने भूरा की ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में युवक भूरा बुरी तरह जख्मी हो गया, साथ ही ई रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों के द्वारा युवक को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने घायल भूरा को प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में ले गए, जहां उपचार के दौरान भूरा ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन युवक का शव घर लेकर आ गए। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मारकर युवक को घायल कर दिया था, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अभी तक शव शाहबाद नहीं आया है, बॉडी आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### चार माह की मासूम बेटी को छोड़कर दुनिया से चले गए ई रिक्शा चालक भूरा

नगर निवासी मृतक भूरा की शादी एक साल दो दिन पहले रामपुर से हुई थी, चंद दिन पहले ही शादी की सालगिरह मनाने के बाद भूरा सड़क हादसे का शिकार होकर पत्नी और चार माह की मासूम बेटी को छोड़कर दुनिया से चले गए। युवक की मौत से परिजनों में मातम छा गया। पत्नी रो रोकर बेसुध हो गई।

# पुलिस ने की आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**टांडा।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़िता ने अपने जेठ जमील, सास और ननद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि शादी के बाद दहेज की मांग पूरी न होने पर लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की जा रही थी। साथ ही जेठ ने पीड़िता पर बुरी नजर रखते हुए छेड़छाड़ की और एक दिन जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया।

बताया कि उसकी शादी 22 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र के गांव निवासी समी पुत्र खलील के साथ हुई थी। शादी में पीड़िता के परिजनों ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान-दहेज दिया, लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था। वे लगातार चार पहिया वाहन की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता के साथ नियमित मारपीट की जाती थी। 29 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे जब पीड़िता अपने कमरे में अकेली सो रही थी, तब जेठ जमील अचानक कमरे में घुस आया। उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। विरोध करने पर जमील ने पीड़िता को बुरी तरह मारा और धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो जान से मार देगा। पीड़िता ने डायल 112 पर फोन किया। पुलिस के पहुंचने पर दरवाजा खोला गया और पीड़िता को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अन्यथा जेठ द्वारा जान लेने का खतरा था। पीड़िता ने उसी दिन थाना टांडा में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन प्रारंभिक रूप से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने 3 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया। जब कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने पुनः एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपा।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना टांडा पुलिस ने अब मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है

# नशीली दवाओं के संग तीन गिरफ्तार, दो फरार

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दी दबिश



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं के संग तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि दो आरोपी अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पकड़े गए तीनों आरोपियों के कब्जे से 33 पेटी 226 शीशी वेस्कोडेस्क, 2992 शीशी कोडेकटस टीआर, 144 शीशी वेरीकोफ नशे का सीरप, 35 डिब्बे जिसमें 8400 ट्रामाडोल कैप्सूल, नकद 21500 रुपये, 5 मोबाईल, 1 मोटर साईकिल, 1 स्कूटी, 1 गाडी बरामद भी बरामद की है।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा रोकथाम अवैध बिक्री भंडारण की चेकिंग के दौरान अक्षय, जीशान निवासी ग्राम चमरौआ, जब्बार को ग्राम इमरता थाना अजीम नगर को आश्रम पद्धति रोड पर खाली मैदान से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के कब्जे से 21500 रुपये, 5 अदद मोबाइल बरामद किए। एसपी ने बताया कि 46/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट धारा 318 (4) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। फरार आरोपियों में नाजिम निवासी टांडा, सरफराज उर्फ चिमपैजी कोहिनूर तिराहा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों पर कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया। जहां से कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया है।

## एक नजर

### पांच घंटे बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** 33/11 केवी बिलासपुर गेट उपकेंद्र की लाइन बिजनेस प्लान 2025-26 के अंतर्गत जर्जर तार बदलने एवं लाइन की ऊंचाई बढ़ाने आदि एवं अनुरक्षण, पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई, अंडरसाइज सही किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति जौहर, बगी रोड, नानकार, नई बस्ती क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति आंशिक बाधित रहेगी। 33 केवी थाना गंज से 33 केवी बिलासपुर गेट की सप्लाई सामान्य रहेगी। चेंज ओवर के समय लगभग 1 घंटे सप्लाई बाधित रहेगी। जंपर खोलते एवं लगाते समय समय सुरक्षा की दृष्टि से 33 केवी थानागंज भी 30 मिनट के लिए बंद रहेगी।

### चेकिंग के नाम पर ट्रैफिक पुलिस पर वसूली का आरोप

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चेकिंग के नाम पर आम लोगों और ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली किए जाने का आरोप भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश सागर ने लगाया है और इस मामले की शिकायत एसपी को पत्र भेजकर की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर द्वारा क्षेत्र में बाइक सवारों और ई-रिक्शा चालकों को चेकिंग के नाम पर रोका जा रहा है।साथ ही चालान के डर से अवैध वसूली की जा रही है। शाहबाद-टांडा रोड, ढकिया रोड, सैफनी रोड और चंदौसी रोड सहित कई मार्गों पर यह गतिविधि जारी होने का दावा किया गया है।

### धर्मपुर उत्तरी में अवैध कटान का मामला गरमाया

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव धर्मपुर उत्तरी में अवैध रूप से शीशम के हरे-भरे और भारी-भरकम पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने जब खेतों और आबादी के आसपास खड़े पुराने शीशम के पेड़ों को कटा हुआ देखा तो उनमें भारी रोष व्याप्त हो गया। बताया जा रहा है कि रात के अंधेरे में अज्ञात लोगों द्वारा कीमती शीशम के पेड़ों पर आरी चला दी गई। सुबह जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो कई पेड़ धराशायी मिले, जिनकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। इस घटना से पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंची है, साथ ही वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी अनुमति के खुलेआम पेड़ों की कटाई की जा रही है।

# शिक्षा के बिना समाज का उद्धार संभव नहीं:सीपी सिंह

## जिला सहकारी बैंक के सभागार में तुरैहा मछुआ समाज स्वजातीय परिवारों ने मनाई महाराजा निषादराज की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में महाराजा निषाद राज एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन जिला सहकारी बैंक सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि मुरादाबाद के विख्यात डॉक्टर सीपी सिंह ने महाराजा निषाद राज व महर्षि कश्यप के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। सीपी सिंह ने कहां की बहुत ही हर्ष का विषय है की जनपद में अपने समाज के वंशज व महापुरुष महाराजा निषाद राज की जयंती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का 31 वां आयोजन किया जा रहा है।मेरे लिए गर्व की बात है की मुझे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

सभी साथियों का आह्वान करते हुए कहा की आज समाज को शिक्षित होने की बहुत जरूरत है। बिना शिक्षित हुए कोई भी समाज का उद्धार नहीं हो सकता।राजनीति में भी समाज कामयाब तभी होगा जब शिक्षित होगा। उन्होने कहां की आज शिक्षित होने पर ही वह स्वयं मुरादाबाद में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।सैकड़ों लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। इसलिए शिक्षित होने पर ही आरक्षण लेकर नौकरी का लाभ भी लिया जा सकेगा। उन्होने कहां मैं चाहता हूं की मेरा समाज देने लायक बने लेने लायक नही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि निषाद पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व मुरादाबाद मण्डल प्रभारी महीपाल सिंह कश्यप ने कहा की आज समाज के युवाओं को अपने महापुरुषों की पहचान नहीं है। इसलिए समाज के कार्यक्रम आयोजित होते रहे। बिना राजनीति में आए और पहचान बनाए समाज की पहचान नहीं होती है ।

इतनी संख्या होने के बाद भी समाज के प्रतिनिधि अपने समाज को आगे नहीं ला पा रहे है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा की आज के कार्यक्रम महाराजा निषाद राज जयंती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव के लिए सभी संगठन के सभी पदाधिकारियों ने दिन रात मेहनत करके कार्यक्रम को सफल बनाया। आज भी अपनी ओछी राजनीति पर कायम है उन्होने उपस्थित समाज के साथियों का आह्वान करते हुए आप सभी की एकजुटता व संगठित हुए ही आज का सामाजिक कार्यक्रम बहुत ही शानदार व जानदार रहा जनपद रामपुर की प्रत्येक तहसील, ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र से समाज के पुरुष महिला व युवाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिला मंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट ने कहां की संख्या बल को देखकर काफी हर्ष हो रहा है समाज के साथियों ने अपना कीमती समय निकालकर आज अपने समाज के लिए, बच्चों के लिए एकजुटता दिखानी अब समाज का भविष्य उज्जवल होना निश्चित है।

जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद ने कहां की आज समाज जागरूक है और हर स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है चाहे राजनीति हो या रोजगार प्रतिष्ठान लेकिन राजनीति के मैदान में काफी पीछे है उन्होने कहा की यह भी सच है शिक्षित हुए बगैर कोई भी समाज कामयाब नहीं हो सकता।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



मुख्य अतिथि को आर्टिफिशियल बंदूक देते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा।

### यह लोग रहे मौजूद

अजय कुमार प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष कामरेड मेवीराम, पूरन लाल कश्यप, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, राजीव कुमार, नन्द किशोर, रामगोपाल पंडित, शिवकुमार,विक्रम कुमार, रमेश चन्द्र पूर्व सभासद,अरविन्द कुमार, हरिशंकर कश्यप, धर्म सिंह, राकेश कुमार, नवनीत कश्यप , रामसरन, अर्जुन कुमार, राजीव कुमार,अर्जुन सिंह, भूदेव सिंह, गोविंद राम तुरैहा, बाल किशोर, छत्रपाल सिंह तुरैहा, महेन्द्र सिंह, शिवा कश्यप, राजेश कुमार एडवोकेट, पूरन लाल, नवल किशोर, रामकिशोर तुरैहा, बंटी आदि भारी संख्या में स्वजातीय परिवार उपस्थित रहे।

## जन आरोग्य में मेले में बने 232 गोल्डन कार्ड

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** छुट्टी के दिन मरीजों का उपचार करने के लिए रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 1453 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। इसमें 232 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। चिकित्सकों के अनुसार इस समय तापमान बढ़ने के कारण टाइफाइड के लक्षण वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है।

रविवार को जन आरोग्य मेले में 1453 रोगियों को उपचार दिया गया। जिसमें पुरुष 631, महिलाएं 596 और बच्चे 226 को उपचार दिया गया। मेले का आयोजन 42 चिकित्सकों की देखरेख में किया गया। जन आरोग्य मेले का नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। वार्ड, पैथोलॉजी, लेबर रूम का निरीक्षण कर संसाधनों की जानकारी ली। चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को समय से ओपीडी में बैठने के लिए निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों का पंजीकरण कर सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, टीबी, कुष्ठ रोगों की जांच की जाए।

# नकली नोट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## 4 लाख 88 हजार थी नोटो की रकम, उपकरण बरामद ,संगठित गिरोह का भंडाफोड़



पुलिस लाइन में पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मेरठ और एटा से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 4 लाख 88 हजार 200 रुपए के नकली नोट और इन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने रिजर्व पुलिस लाइन में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजवर्धन सिंह चौहान उर्फ आशु पुत्र सत्येंद्र सिंह चौहान निवासी द्वारकापुरी, थाना कोतवाली एटा मेरठ से गिरफ्तार और चिराग सक्सेना पुत्र अजय कुमार सक्सेना निवासी मंदाकिनी पुरम कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात एटा रामपुर से गिरफ्तार के रूप में हुई है। पुलिस ने डेल कंपनी का एक लैपटॉप, डेस्कटॉप सेट, एचपी के दो प्रिंटर, एक लेमिनेशन मशीन, पेपर रीम, केमिकल और अन्य प्रिंटिंग उपकरण भी बरामद किए हैं। इन उपकरणों का उपयोग नकली नोटों को असली जैसा बनाने के लिए किया जा रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक गंज पवन कुमार शर्मा, निरीक्षक अपराध रामवीर सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार शर्मा, हिमांश सिंहल, दीपक मलिक प्रभारी एसओजी मौजूद रहे।

### पूछताछ में नए नाम सामने आए थे

एसपी ने बताया कि इस गिरोह का खुलासा 11 अप्रैल 2026 को कोतवाली गंज पुलिस द्वारा की गई एक पिछली कार्रवाई के दौरान हुआ। उस समय रामपुर के सिनवान और मिनहाज नामक दो युवकों को 500 रुपये के 21 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उसी मुकदमे की जांच के दौरान इन दो नए नामों का पता चला। पुलिस के अनुसार, राजवर्धन सिंह चौहान मेरठ में किराए पर रहकर नकली नोट छापने का काम करता था। आरोपियों के कब्जे से कुल 4 लाख 88 हजार 200 रुपए की नकली नोट जब्त किए हैं। जिसमें 500 और 200 रुपए के नोट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बाजार में खपाने के लिए तैयार बड़ी मात्रा में अधबने नोट भी बरामद हुए हैं।

## ओसी गांव प्रेम प्रसंग प्रकरण में जांच को गांव पहुंचे सीओ

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ओसी गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती पर दोनों पक्षों के द्वारा चाकू से वार कर घायल करने के मामले में दोनों पक्षों के चार चार लोगों पर केस दर्ज किया गया था। जिसमें युवती पक्ष की ओर से दर्ज कराए गए केस में आरोप लगाया है कि युवक विशाल समेत चार लोगों के जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए युवती पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। वहीं युवक विशाल की मां ने भी केस दर्ज कराते हुए चार लोगों पर उसके बेटे पर चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में केस दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना सीओ देवकीनंदन कर रहे है। सोमवार को सीओ देवकीनंदन ने ओसी गांव पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। सीओ देवकीनंदन ने बताया कि दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की जांच की जा रही है।

# जिला अस्पताल में भर्ती डायरिया के 31 मरीज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के भीतर जिला अस्पताल में डायरिया के रोगी भर्ती हुए है। इन रोगियों में उल्टी-दस्त और बुखार की शिकायत है। इन सभी को तीमारदारों ने अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती हुए हैं।

रविवार को जिला अस्पताल का सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने राउंड लिया। चौबीस घंटे में 31 रोगी डायरिया वार्ड में भर्ती हुए हैं। राउंड के दौरान उन्होंने वार्ड में जाकर भर्ती रोगियों का हालचाल भी जाना। उन्होंने रोगियों को बताया कि डायरिया से बचने के लिए स्वच्छता, संतुलित आहार, अच्छे हाइजीन और सही जीवनशैली का पालन करना आवश्यक है। स्वस्थ खाने की आदतें, सही पानी का सेवन, और शरीर को हाइड्रेटेड रखना डायरिया को रोकने में मदद करता है। यदि डायरिया की समस्या लगातार बनी रहती है या किसी गंभीर कारण से हो रही हो, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। जंक फूड का इस्तेमाल न करें। डायरिया रोगियों के लिए अस्पताल में तत्काल उपचार दिया जा रहा है। डयूटी पर तैनात स्टॉफ को निर्देशित किया है कि रोगियों को उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न होना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोगों साफ-सफाई का विशेष ध्यान, पानी उबालकर पीएं और बाहर का भोजन का सेवन न करें। भारी मात्रा में पानी का इस्तेमाल अधिक करें। बाहर निकलते समय मुंह पर गमछा बांधकर ही निकलें। इससे डायरिया से बचा जा सकता है।



जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी का हालचाल जानते सीएमएस।

## महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

रामपुर। मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को महिला सुरक्षा दल जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े उपाय, कानूनी अधिकार, एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।

## सड़क हादसे में भाई बहन समेत तीन ज़ख्मी

- तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल किया रेफर

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जिला संभल के थाना कुढ़फतेहगढ़ निवासी भाई बहन सबीब अली और फ़िरदोस सड़क हादसे में घायल हो गए। साथ ही साथ सामिया पुत्री फहीम निवासी मीरगंज भी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई,सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## नई पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता तथा ओमवीर सिंह वैदिक के संचालन में आर्य समाज गंगापुर सिविल लाइंस में एक साधारण सभा ईश्वर नर्सिंग होम, मोहम्मद अली जौहर रोड, रामपुर के प्रांगण में संपन्न की।

सभा का संचालन करते हुए स्वामी दयानंद सेवा समिति के अध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक द्वारा अवगत कराया कि आवास परिषद आवास विकास परिषद द्वारा आर्य समाज गंगापुर की जमीन को छोड़कर आवास विकास परिषद की जमीन पर कटीली तार लगाकर घेराबंदी कर दी गई है। इसलिए आर्य समाज गंगापुर द्वारा आर्य समाज की जमीन पर चौहद्दी और यज्ञशाला का निर्माण कार्य किए जाने की योजना बनाई। तत्पश्चात आर्य समाज गंगापुर सिविल लाइंस की अंतरंग सभा का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया।जिसमें सुरेंद्र कुमार सिंह आर्य प्रधान और सोमपाल सिंह आर्य मंत्री चुने गए। सर्वप्रथम एक संरक्षक मंडल का चयन किया।

इंद्रलाल आर्य को मुख्य-संरक्षक, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता को संरक्षक,डॉक्टर एनके गुप्ता को संरक्षक बनाया।शैलेंद्र कुमार विद्यार्थी एडवोकेट को संरक्षक,दीपक कुमार गुप्ता संरक्षक एवं लेखा-परीक्षक,शिशिर रस्तोगी को संरक्षक,नौबत राम आर्य संपत्ति-संरक्षक अंतरंग सभा का चयन किया। सुरेंद्र सिंह आर्य को प्रधान रामपाल आर्य, वरिष्ठ उप-प्रधान चंद्रदेव आर्य उप प्रधान एवं पुरोहित, सोमपाल सिंह आर्य मंत्री, विजय कुमार आर्य उप-मंत्री,गीता देवी आर्य उप-मंत्री बनाया। किशन लाल आर्य कोषाध्यक्ष, कृष्ण मुरारी आर्य को उप-कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी देवी आर्य पुस्तकालय प्रमुख, ममता देवी आर्य प्रचार-प्रमुख,नरेश कुमार आर्य भंडार-प्रमुख, हरकेश सिंह आर्य अंतरंग-सदस्य, धर्मवीर सिंह आर्य ,अंतरंग-सदस्य ,रामचंद्र श्रीवास्तव अंतरंग-सदस्य, विजय स्वरूप सक्सेना अंतरंग-सदस्य,विश्वा बंधु आर्य अंतरंग-सदस्य बनाया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। सभा के अंत में सभा अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा अपने संबोधन में सभी को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए शुभकामनाएं देने के उपरांत सभा समापन की घोषणा की गई।

**कार्यक्रम** जल शक्ति राज्यमंत्री, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने दीप प्रज्ज्वलन कर सभा का शुभारंभ

# जीएसटी, ट्रिब्यूनल अपील के बारे में दी जानकारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन द्वारा होटल ओपेल में 26 को जीएसटी सेमिनार, उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन रजिस्टर्ड लखनऊ का 65 वीं कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया। इसमें उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों से आए हुए कर अधिवक्ताओं द्वारा संभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष उपकास राज पाल यादव ने की।

टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जल शक्ति राज्यमंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, आशिका जैन ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने दीप प्रज्वलन कर सभा को प्रारंभ किया गया। उपकास द्वारा रामपुर बार के टैक्स सदस्य शिखर अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य सर्वसम्मति से अपनी 65वीं कार्यकारिणी बैठक में पद व प्रमाणपत्र जारी किया गया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता नरेंद्र कुमार अरोरा मुजफ्फरनगर दीपक माहेश्वरी अधिवक्ता ने जीएसटी, ट्रिब्यूनल अपील पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। प्रमुखता बताया कि जीएसटी ट्रिब्यूनल अपील को किस तरह फाइल किया जाए। इसमें टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा आए विभिन्न व्यापारियों का स्वागत एवं सम्मान फूल वर्षा से किया। मंच का आयोजन सैयद इजहार मियां द्वारा किया गया।



बरेली रोड स्थित होटल ओपल में दीप प्रज्वलित करते जल शक्ति राज्यमंत्री।

### बैठक में यह रहे शामिल

बैठक में औरैया, प्रयागराज, अयोध्या, लखीमपुर, गाजियाबाद, बागपत, मुरादाबाद, रामपुर सहित सभी जनपदों से कर अधिवक्ता बंधु, अधिवक्ता विपिन कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष, राकेश शरण मिश्रा महामंत्री, प्रांतीय उपाध्यक्ष अमित शर्मा, नितिन गोयल, शैलेंद्र कुमार जैन, विश्वनाथ मिश्रा, प्रांतीय संयुक्त सचिव अशीष लवानिया, दीपक जैन, राजदीप गोयल, शशिकांत अग्निहोत्री, अधिवक्ता अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महासचिव मोहम्मद आमिर, याकूब अली, अहसान खान, हिमांशु जैन,भवानी शंकर, मोहम्मद इमरान, राजेश गंगवार , करनदीप सिंह, विशाल पांडे, अदील गौस, पुनीत शर्मा, समेकित जैन, आलोक अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, सपन अग्रवाल, रचित रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, गौरव दीप सिंह, भूपेंद्र सिंह, फैसल, फैजान, रेहान, पूर्णानंद आर्य, पंकज अग्रवाल, प्रशांत पांडे, फैजान खान,आदि मौजूद रहे।

# दोगुना बिल, एडवांस जमा कराने पर उपभोक्ता बेहाल

## शहर में 30 हजार से अधिक लग चुके है स्मार्ट मीटर





स्मार्ट मीटर में रिचार्ज व्यवस्था को खत्म कर बिलिंग व्यवस्था लागू की जाए। इससे उपभोक्ताओं को परेशानियां हो रही है इसलिए इस प्रक्रिया को खत्म किया जाए। -जमीर पहलवान।



जिलाधिकारी से उपभोक्ताओं की मांग है कि स्मार्ट मीटर से परेशानियों को देखते हुए समस्या का हल का आदेश करें जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। -खालिद मियां।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही है। अधिक बिल आने से उपभोक्ता काफी चितिंत है। बिजलीघर पहुंचने पर भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। जनवरी से अप्रैल तक लगभग 30 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटरों के बिल के साथ अब एडवांस भी जमा कराया जा रहा है। जिसके चलते रामपुर शहर के अलावा प्रदेश के सभी जिलों का इसका विरोध किया जा रहा है।

उपभोक्ता शिक्षक खालिद मियां का कहना है कि रामपुर जनपद एक छोटा सा है। यहां पर स्मार्ट मीटर की जरूरत नहीं थी। स्मार्ट मीटर जो लगाए जा रहे है। उससे आ रही परेशानियों से शहर की आवाम में बेचैनी है क्योंकि रामपुर में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। स्मार्ट मीटर का मैसेज लोग देख व समझ नहीं पाते है, जिसकी वजह से लाइट बिल जमा न होने पर कट हो जाती है बिजलीघर पहुंचो तो यहां पर लंबी लंबी कतारें लगी होती है।

बिल जमा करने पर उपभोक्ताओं से एडवांस भी जमा कराया जा रहा है। जिससे लोग काफी परेशान है।

# कीर्तन कर संगत को किया निहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में स्त्री सत्संग सभा की ओर से चल रहे सुखमणि साहब के पाठ की समाप्ति हुई। पिछले 1 महीने से रोजाना सुखमणि साहिब के पाठ कीर्तन का गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में समापन हुआ। इस मौके पर स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष रणजीत कौर के द्वारा कीर्तनकर संगत को निहाल किया।

कहा कि हम सब का फर्ज बनता है कि दीन दुखियों की सेवा करें। गुरु के बताएं मार्ग पर चलें। बाहर सिख फर्ज बनता है, कि वह अमृत पान करें बिना अमृत पान किया सिख अधूरा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। गुरुद्वारा प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष रणजीत कौर को स्वरूप देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की गुरु का अटूट लंगर की सेवा की। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि बैसाखी पर अमृत संचार होगा।रात्रि दीवान 11 बजे तक चलेगा। इस मौके पर रणजीत कौर, मनजीत कौर, सोनिया, बलविंदर कौर, अमरजीत कौर, जसबीर कौर, मनिंदर पाल, रणजीत कौर, हरजीत कौर, परमजीत,सरदार निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, तार सिंह, जसपाल सिंह, अमरजोत कपूर, जगमोहन सिंह, निमाना मौजूद रहे।



गुरुद्वारे में कीर्तन करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



हर घर यात्रा में शामिल पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### हर घर यात्रा का हुआ आयोजन

**रामपुर**। अंबेडकर पार्क सिविल लाइन से आदि धर्म समाज आधस द्वारा डॉ. बी आर अंबेडकर की जयंती से पूर्व हर घर अंबेडकर यात्रा का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य समाज के हर घर और हर घर के बच्चों से लेकर उनके माता, पिता और समाज के हर एक व्यक्ति तक बाबा -ए- कौम डॉ अंबेडकर का बलिदान, त्याग कुर्बानियां, और उनकी शिक्षाओं को ले जाना है। यात्रा का शुभारंभ वीर श्रेष्ठ अमर आदिवासी राष्ट्रीय धर्म प्रचारक हरी झंडी दिखाकर किया।संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर एक नाम या एक व्यक्ति मात्र नहीं है। डॉ. अंबेडकर शिक्षा प्रेरणा स्रोत है। जिन्होंने गंभीर स्थिति में भी शिक्षा का मार्ग नहीं छोड़ा। शिक्षा को अपना लो तो आने वाले दस साल में वाल्मीकि समाज में भी अधिकारी इंजीनियर डाक्टर बनने शुरू हो जाएंगे। यात्रा से पूर्व बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यात्रा का वाल्मीकि बस्तियों में पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमोद कुमार, सुरेंद्र संजय, सुरेश वाल्मीकि आदि द्वारा स्वागत किया। मानस सत्संग मंडल द्वारा यात्रा का सिविल लाइन पर स्वागत हुआ। हाथी खाना, वाल्मीकि बस्ती में लोगों द्वारा स्वागत किया।इस मौके पर नवीन राही, राजेश रत्न, दीप लव, आनंद प्रकाश वाल्मीकि , सुधीश, मुकेश कुमार, विकास भीमताल, विकास, अदिति गौतम, विजय कुमार गौतम, विक्की, सुशील, मास्टर देव , दिव्याका,आदि, अनंत, अनादि, बिजेंद्र, आकाश, भारती, सनी आदि शामिल रहे।



आयोजित कैंप में बोलते शाहिद शम्सी। -जागरण मोर्चा

### कैंप में 600 लोगों को दी गई ट्रेनिंग

**रामपुर**। दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया। कैंप की शुरुआत तिलावत ए पाक से हुई। जिसमें मौलाना मेराज उल हक शम्सी ने तिलावत की। इसके बाद साजिद उल हक रामपुरी ने हुजूर की शान में नात ए पाक पेश की। कैंप में 600 से ज्यादा लोगों ने शिरकत की। तीसरे कैंप साजिद उल हक शम्सी ने हज के मुकम्मल अरकान के बताए। कैंप के महमान ए खुसूसी मौलाना अंसार अहमद रहे। कैंप में इमरान सलीम, इरफान अहमद खां, बाबू उबैद उल हक, फजल अहमद, मोहम्मद शुऐब, परवेज अख्तर, मेराज उल हक, नोमान जलील ,शाहिद शम्सी, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# आशा भोंसले के निधन पर शाहबाद में दी श्रद्धांजलि

**शाहबाद**। सुर साम्राज्ञी आशा भोसले अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनके निधन की खबर से संगीत जगत और पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। जिस क्रम में शाहबाद में भी उनके चाहने वालों की आंखें नम हो गईं।जगह-जगह लोग एकत्रित होकर अपनी प्रिय गायिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते दिखे। 11 अप्रैल को कार्डियक अरेस्ट के बाद आशा भोंसले को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया था।उन्होंने 92 वर्ष की आयु में रविवार को अंतिम सांस ली। आशा भोंसले ने 20 से अधिक भाषाओं में लगभग 12 हजार के अधिक गाने गाए। शाहबाद नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने आशा भोंसले को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की उनकी आवाज में जादू था। उनके गाने शाहबाद के हर घर, हर गली में गूंजते है,पिया तू अब तो आजा और चुरा लिया है तुमने जैसे गाने उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गए थे। मुकेश चंद्र गुप्ता के साथ दिनेश रस्तोगी,जी के पाठक, नाहिद मियां, लायक अली पूर्व सभासद अरशद अली, सभासद सैयद बबलू अली,अनफाल मियां, डाक्टर सैयद नदीम मियां, समाजसेवी राहत खा उर्फ शप्पू खां, कव्वाल जावेद खा,आसिफ कुरैशी,असरार सुहैल खा आदि ने शोक जताया।

# पगड़ी प्रतियोगिता: बच्चों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में वीर खालसा सेवा समिति की ओर से पगड़ी प्रतियोगिता हुई। उसने बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया।सुंदर-सुंदर पगड़ी सर पर बांधी। इस मौके पर बाहर से आए जज के द्वारा गुरुवार सिंह विर्क जसपाल सिंह चीमा के द्वारा सुंदर पगड़ी प्रतियोगिता में चयनित कर बच्चों को पहले से लेकर दसवीं तक स्थान दिया। इस मौके पर पहला स्थान बलजीत सिंह स्वार निवासी जिसको रेंजर साइकिल दी। दूसरे स्थान पर लक्षद्वीप सिंह जिनको डिनर सेट दिया। तीसरे स्थान पर मनप्रीत सिंह जिनको जूसर मिक्सर दिया।बच्चों को सम्मानित भी किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि पगड़ी सिख की पहचान ही नहीं शान है। समिति द्वारा समय-समय पर यह प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं। ताकि बच्चे शुरू से ही सिर पर पगड़ी पहने। यह कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे। अवतार सिंह ने कहा कि बैसाखी पर आज अमृत संचार होगा,जोकि 11 बजे शुरू होगा। रात्रि दीवान 11 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम में सरदार निर्मल सिंह,सरदार मनमीत सिंह, सुरजीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, चरणजीत सिंह, गुरबाज सिंह बग्गा, गुरवंत सिंह, जसपाल सिंह, करणदीप सिंह, सतनाम सिंह चीमा, तीरथ सिंह, गुल्लू,नरेंद्र पाल, निरवैर सिंह, अमनदीप सिंह, नारायण सिंह, वजीर सिंह, मनिंदर सिंह, सेवा सिंह, सुरजीत सिंह, शेफाली अरोरा, अंजू अरोड़ा, रितु अग्रवाल, नेहा, सोनिया मौजूद रहे।





विजयी छात्र को साइकिल देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

# सत्संग में जा रहे बाइक सवार दंपति सड़क हादसे में जख्मी

**शाहबाद**। रविवार को सत्संग में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दंपति सड़क हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गए, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के भौंरकी गांव निवासी सोहनलाल अपनी पत्नी मीना के साथ बाइक पर सवार होकर सत्संग में शामिल होने शाहबाद जा रहे थे, रास्ते में गुजरेला मोड़ के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने दंपति की बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार दोनों दंपति घायल हो गए। जिनको एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया।

# भारत को शक्तिशाली बना कर परम वैभव तक ले जाने की भावना का नाम ही वंदे मातरम

- कार्य के लिए नारी शक्ति को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। रामपुर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक जागरण मंच के तत्वाधान में राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय स्तर की विचार माला का आयोजन 2 मई को उत्सव पैलेस में आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्राउन होटल सिविल लाइन्स में एक कार्य योजना बैठक आयोजित की।

कार्ययोजना बैठक के मुख्य अतिथि मूर्धन्य शिक्षाविद बाल कल्याण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि भारत को शक्तिशाली बना कर परम वैभव तक ले जाने की भावना का नाम ही वंदे मातरम है। कहा कि नयी पीढ़ी को राष्ट्रभाव और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने की आवश्यकता है।

रामपुर सांस्कृतिक साहित्यिक जागरण मंच के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि हजारों क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम के जयघोष के साथ आजादी की लड़ाई लड़ी है। उनके बलिदानो का स्मरण करते हुए भारत के उत्थान और सशक्तिकरण के संकल्प को साकार किया जाना है । उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य के लिए नारी शक्ति को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। ज्ञात हो कि 2 मई को आयोजित होने वाली विचार माला में पीआईएल मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध अश्विनी उपाध्याय आध्यात्मिक विद्वान एवं ज्योतिषाचार्य प्रोफेसर पवन सिन्हा गुरुजी, सनातन वैदिक धर्म की वरिष्ठ प्रचारिका और संस्कृत विदुषी,डॉ. अर्चना प्रिय आर्य जी भी रामपुर आ कर अपने विचार रखेंगे।

इस अवसर पर योगेंद्र सिंह चौहान, केशव गुप्ता , चित्रक मित्तल, श्रीष गुप्ता, दीपक गोयल , प्रभात अग्रवाल , राजीव मांगलिक , श्रीमती सरिता सिंघल , डा संजीव अग्रवाल , शैलेंद्र शर्मा , राकेश जुनेजा, रविंद्र सिंह रवि , जगपाल यादव, संदीप अग्रवाल सोनी, अवधेश शर्मा , संजय पाठक , संचित गुप्ता ,अमृत कपूर, पारुल अग्रवाल ,सुनील अग्रवाल , प्रतीक शर्मा, मुकेश आर्य, प्रियंका शुक्ला, सरिता विश्नोई ,पीयूष सक्सेना कार्यक्रम का सुंदर सफल संचालन सचिन सिंह ने किया। सहित जनपद के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े बहुत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

# आग से जली गेहूं की फसलों का मुआवजा दे सरकार: मुस्तफा

**रामपुर**। स्वार तहसील के गांव मीरापुर मीरगंज में किसानों की गेहूं की 12 एकड़ फसल आग लग जाने से खाक हो गई। जिस पर रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने प्रशासन और मुख्यमंत्री से किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।

जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने स्वार क्षेत्र के गांव मीरापुर मीरगंज में असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई किसानों की फसल से राख हुई किसानों की फसल पर दुख व्यक्त करते हुए कहा 10 किसानों की छह माह की मेहनत जल कर राख हो गई। किसानों ने बच्चों के लिए जो सपने देखे, वो चकनाचूर हो गए। पुलिस प्रशासन को इस मामले की जांच करवाकर कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए।

# धूमधाम से मनाए संविधान निर्माता का जन्मदिन: जिलाध्यक्ष

- आंबेडकर जयंती को लेकर सपा कार्यालय पर बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। घेर मीर बाज खां टंकी नंबर में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर, नगराध्यक्ष आसिम राजा ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 14 अप्रैल के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन है इसलिए सभी पदाधिकारी और तहसील अध्यक्ष आंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाएं।

जिलाध्यक्ष अक्षय कुमार सागर ने बताया कि गत दिन सपा के समस्त नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे आगामी 2027 होने वाले विस चुनाव को पार्टी कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क करके और सभी तहसील अध्यक्षों से अपने-अपने कार्यालय स्थापित करने को कहा गया। साथ ही आगामी 14 होने वाली मनाए जाने वाली आंबेडकर जयंती को भी मनाने को अपील की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार, पूर्व विधायक विजय सिंह, मसूद गुड्डू, निसार अहमद अंसारी, जावेद खां, प्रमोद गंगवार, हामिद गोल्डन, आरिफ खां अरोमा आदि मौजूद रहे।

# आग से 25 बीघा गेहूं की फसल राख, किसानों पर टूटा संकट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार**। तहसील क्षेत्र के गांव मीरापुर के मझरा में रविवार को अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की खड़ी गेहूं की 25 बीघा फसल जलकर राख हो गई।जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने तहसील प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

गांव निवासी मोहम्मद अहमद, हनीफ कारी, अब्दुल रहमान, अब्दुल सलाम, आतिफ मियां और जाहिद की गेहूं की फसल खेतों में पककर कटाई के लिए तैयार खड़ी थी। रविवार दोपहर के समय अचानक खेतों से धुआं उठता दिखाई दिया। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो गेहूं में लगी आग देख कर घबरा गए, शोर मचा दिया। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते बड़े क्षेत्र में फैल गई। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दर्जनों ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने का भरकस प्रयास किया, लेकिन आग बेकाबू हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर बमुश्किल काबू पाया, लेकिन तब तक किसानों की मेहनत की 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसानों ने बताया कि फसल तैयार थी। उन्हें अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। जिससे वह अपने कर्ज चुका सकें और परिवार की जरूरतें पूरी कर सकें। आग की इस घटना ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने तहसील प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।



मीरापुर में आग से से जलती गेहूं की फसल। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम — भारत की संस्कृति एवं सभ्यता में गुरु की पदवी सर्वोच्च

# शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता: डीआईओएस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश जिला इकाई रामपुर के तत्वावधान में राजकीय रजा इंटर कॉलेज के सभागार में जनपद के सेवानिवृत हुए आठ राजकीय शिक्षकों- प्रधानाचार्यों का सामूहिक विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह व्दारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है ,चाहे वह रिटायर हो अथवा कार्यरत, उसकी भावनाएं सदैव समाज के प्रति समर्पित सकारात्मक होती हैं। यही कारण है कि शिक्षक समाज में आज भी वंदनीय है। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति एवं सभ्यता में गुरु की पदवी सर्वोच्च है। शिक्षक सदैव विद्या दान कर सृजन का कार्य करता है। उसके विद्या दान से ही समाज में राजनेता,अभियंता, चिकित्सक़ और विविध विधाओं के विशेषज्ञ पैदा होते हैं। मेरी कामना है कि जनपद के सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सदैव स्वस्थ सुखी, दीर्घायु होकर के समाज को अपने अनुभवों से दिग्दर्शन करते रहें।

प्रधानाचार्यों में राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अरविंद गौतम, सहायक अध्यापक मोहम्मद मुनज्जम अली,देवेन्द्र पाल सिंह,अनुराधा कटियार, नजम अली,निसार खान एवं सरल वलवीर को राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ,जिला विद्यालय निरीक्षक एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अभिलाष कुमार, शिव शंकर,शरद कुमार सागर,असरार अहमद, जुगल किशोर,लालता प्रसाद गंगवार,रचना चतुर्वेदी,वन्दना शर्मा, डॉ. शालू कौशल,अरविंद भास्कर डॉ. निलय सक्सेना, भूरा सिंह,डॉ फैजान सईद,अतुल कुमार, सलीम युसूफ ज़ैदी , विनोद कुमार,डॉ अनूप कुमार सिंह, जमील अहमद ,विनीता आर्या नीलम सिंह, राज कुमार, अतहार अहमद एवं जिला मंत्री धीरज भटनागर सहित सैकड़ो शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थित रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र श्रीवास्तव एवं संचालन प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर ने किया।





कार्यक्रम को संबोधित करती डीआईओएस। -जागरण मोर्चा

**सभा के संरक्षकों ने मौजूदा कार्यकारिणी को भंग करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की**

# श्री ब्राह्मण सभा के पंकज शर्मा अध्यक्ष व विकास उपाध्याय महामंत्री चुने गए

- अध्यक्ष व महामंत्री को नई कमेटी को जल्द तैयार कर कार्य करने का आदेश दिया गया

जागरण मोर्चा, कार्यालय


श्री ब्राह्मण सभा के संरक्षक नवकार्यकारिणी के साथ। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** श्री ब्राह्मण सभा चन्दौसी की बैठक का आयोजन सीता रोड स्थित केवी रायल सोसायटी के सभागार में आयोजित की।जिसमें सरंक्षक मंडल ने मौजूदा कार्यकारणाी को भंग करते हुए सर्वसम्मति से पंकज शर्मा को अध्यक्ष व विकास उपाध्याय को महामंत्री चुना। साथ ही 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों के पहुंचने की अपील की। रविवार को आयोजित बैठक में सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर बैठक का आरंभ किया। सभा के संस्थापक सदस्य व संरक्षक रामाशंकर गौड़ ने कहा कि श्री ब्राह्मण सभा पिछले करीब 50 वर्षों से समाज के बीच अपना दायित्व निभा रही है। समाज के लोगों ने सभा में शामिल होकर समाज को नई दिशा दिखायी थी। लेकिन कुछ वर्षों से मौजूदा कमेटी ने श्री ब्राह्मण सभा को कमजोर करने का कार्य किया है। पिछले दो वर्षों से उनके द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा भी नहीं निकाली जा रही है। जबकि हमारी सभा का मुख्य कार्य भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालना रहा है। डा. राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि आज के समय में युवाओं को आगे आकर संगठन को अपने हाथों में लेना चाहिए। जिससे समाज को मजबूती मिले। साथ ही शोभायात्रा के साथ-साथ अनेक समाज सुधार के कार्य हो सके। पूर्व प्रधानाचार्य अवध किशोर शर्मा ने कहा कि मौजूदा कार्यकारिणी ने संगठन को कमजोर करने का कार्य किया है। जिस कारण संगठन में बदलाव जरुरी है। नई कार्यकारिणी में युवाओं का होने से सभा को बल मिलेगा। संरक्षकगण नई कार्यकारिणी के साथ खड़े है। जहां भी जरुरत होगी हम साथ मिलेंगे। राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा ने कहा कि आज का समय युवाओं का है। संगठन पिछले 50 वर्षो में कभी इतना कमजोर नहीं था। जितना मौजूदा समय में चल रही कार्यकारिणी के द्वारा हुआ है। पूर्व में संगठन की धमक थी। चन्दौसी में निकलने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा को देखकर आसपास के ब्राह्मण सभाओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में शोभायात्रा निकालना शुरु कर दिया। अब संगठन कार्य युवाओं के हाथों में देने का कार्य किया जा रहा है। भविष्य में संगठन समाज के लिए अपना दायित्व निभायेगा। संरक्षक विजेंद्र मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि नई कार्यकारिणाी का गठन होना मौजूदा समय की मांग है। नवदायित्व के बाद पदाधिकारियों को समाज के कार्य करने के लिए आगे रहना होगा। शोभायात्रा के साथ-साथ अन्य कार्य में जुटना होगा। जिससे समाज को नई दिशा मिल सके। मेरा पूर्ण समर्थन और साथ नई कार्यकारिणी के साथ है। संरक्षक रामकुमार शर्मा ने भी ने अपने विचार रखे। इसके बाद संरक्षक मंडल ने मौजूदा कमेटी को भंग करते हुए पंकज शर्मा को अध्यक्ष, विकास उपाध्याय को महामंत्री चुना। इसके साथ ही सभासद निशांत शर्मा, अवनेश शर्मा, विकास मिश्रा एडवोकेट, अंकुश गौड़ को उपाध्यक्ष, शुभम शर्मा, सचिन शर्मा को नगर मंत्री, प्रभाकर शर्मा नगर कोषाध्यक्ष बनाया गया।

संरक्षकों ने कार्यकारिणी को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कार्यकार्यकारिणी का विस्तार करे। जिसके बाद शोभायात्रा के साथ अन्य कार्यों को गति मिल सके।नई कार्यकारिणी ने संरक्षक मंडल का आभार जताते हुए आर्शीवाद प्राप्त किया। सभा की अध्यक्षता अवध किशोर शर्मा व संचालन कवि माधव मिश्र ने किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा, जय शंकर शर्मा, संजीव शर्मा, श्याम सुंदर दुबे, सतीश शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, ब्रहमस्वरुप शर्मा, डा. जयशंकर दुबे, देवेंद्र कुमार शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, सुधीर मिश्रा, विनोद कुमार शर्मा, डा. एसएन शर्मा, उमेश चन्द्र शर्मा, सतीश शर्मा, राजीव पाठक, अभिनव शर्मा, दीपक शर्मा, पंकज शर्मा, शिवराम वत्स, जयशंकर शर्मा, अश्विनी शर्मा, रमाकांत शर्मा, ब्रजेश शर्मा, शुभम शर्मा, आदित्य शर्मा, मुनीश शर्मा, निशांत शर्मा, वेदप्रकाश मिश्रा, वीरेंद्र कुमार शर्मा, ओमहरि शर्मा, आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा, शक्ति शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा, कौशल पाठक, उमाकांत शर्मा, सौरभ दीक्षित, कौशल उपाध्याय सुधांशु उपाध्याय, यश शर्मा, राधे शर्मा, उमेश शर्मा आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मशाल जूलूस आज, सफलता को बनाई रणनीति


**चन्दौसी।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ जनपद संभल की एक आनलाइन बैठक आयोजित की गई। जिसमें 13 अप्रैल को मशाल जुलूस की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं से बड़ा मैदान पार्क में शाम 5 बजे पहुंच कर मशाल जुलूस को सफल बनाने की अपील की। बैठक में संतोष यादव, प्रहलाद यादव, कालाराम यादव, रुक्मेश चाहल, डा .गौरव मिश्रा, अनिल कपूर,प्रदीप चौधरी, चिंतामणि सिंह, नईमुद्दीन अली, उमेश यादव आदि मौजूद रहे।

### गांव संपर्क अभियान के तहत मानपुर मुजफ्फरपुर में जनसंपर्क, पूर्व सैनिक व कर्मियों का सम्मान

**कांठ।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर में गांव संपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रबुद्ध वर्ग, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चकित चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक संतोष शर्मा, सेवानिवृत्त कर्मी निशाकर वाल्मीकि, राजू लाल, ओमप्रकाश शर्मा एवं रणवीर विश्नोई को सम्मानित किया गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत उपस्थित लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक, कैलेंडर एवं पुस्तिकाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम से पूर्व गांव स्थित प्रसिद्ध चामुंडा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया।

## वलि का अहंकर तोड़ने को भगवान ने वावन अवतार लिया

जागरण मोर्चा, कार्यालय


श्रीमद्भागवत कथा सुनतें श्रद्धालु व श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास पंडित शिवशंकर भारद्वाज। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के शक्तिनगर में चल रही श्री मद्भागवत के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य पंड़ित शिवशकर भारद्वाज ने भजनों के साथ कथा का वर्णन किया, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु झुमने लगे।

कथा व्यास पंड़ित शिवशंकर लाल कहा परीक्षित के शासन काल में ही कलियुग का प्रवेश हो गया था।कहा कि सुख दुख मन की कल्पना है जितना सुख को बढ़ावा देंगे उतनी आकांक्षाएं बढ़ेंगी। कथा व्यास ने कृष्ण और विदुर विदुरानी के प्रेम और समर्पण की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने धुन की कथा में बताया संस्कार बचपन से बच्चों में डाले संस्कारित बच्चा बडा होकर माता पिता की सेवा करते हुए समाज सेवी बनता है। व्यक्ति मरते समय जिस भावना से भगवत होकर शरीर त्यागता है, वैसा ही वह अगला जन्म पाता है। अंत में राजा बलि की कथा सुनाई वलि का अहंकर तोड़ने को भगवान ने वावन अवतार लिया। अंत में पूजन आरती के साथ प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान रमेश अधीर, सोनू, मीरा सिह, मंजू, महीपाल सिंह, जगपाल, शैलेश गुप्ता, नरेश पाठक, शालिनी शर्मा, मिथलेश शर्मा, महेश पाल, बीना सिंह, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बैठक: समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए निरंतर कार्यरत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला में धनौरा रोड एक बैंकट हाल में राष्ट्रीय लोक अधिकार परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया बता दें कि गजरौला के धनौरा रोड पर एक बैंकट हाल में राष्ट्रीय लोक अधिकार परिषद की एक बैठक की गई। जिसमें सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने विचार व्यक्त किए।

सभा को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अधिकार परिषद सदैव गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग के लोगों के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहेगा।वहीं राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट सैफ मलिक ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संगठन के किसी भी सदस्य के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। संगठन द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निम्नलिखित जिम्मेदारियां सौंपी गईं डॉ. सोमान अली को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. नवाजिश मंसूरी को मंडल महासचिव मुरादाबाद बनाया गया। अंकुर गोस्वामी को नगर अध्यक्ष गजरौला की जिम्मेदारी दी गई।डॉ. सरफराज को मंडल सचिव मुरादाबाद नियुक्त किया। इरफान सैफी को जिला सचिव अमरोहा बनाया गया। उस्मान अली (फौजी) को जिला सचिव अमरोहा की जिम्मेदारी सौंपी।

गुलफाम सलमानी को पश्चिम उत्तर प्रदेश का सचिव नियुक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आसिम अली ने की इस मौके पर विकास प्रजापति , असरफ अली, सुनील कुमार , प्रदीप कुमार, उमेश कुमार ,नसरू सैफी, अमर सिंह, अरशद अली, दिलशाद अली,अजीत कुमार, शाहनवाज, वाजिद अलीआदि लोग भी मौजूद है।

## नीतू रानी बनी एसडीएम चन्दौसी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**चन्दौसी।** संभल जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने बड़ा फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार कई पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिलाधिकारी के आदेश के मुताबिक, उपजिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी और उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार को डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय संभल नियुक्त किया गया है। वहीं जिला मुख्यालय पर तैनात डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को तहसील चन्दौसी भेजा गया है। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र को तहसील गुन्नौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस फेरबदल को प्रशासनिक कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नए तैनात अधिकारियों से जिले में राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े कार्यों में और अधिक प्रभावशीलता आने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि नीतू रानी एक अनुभवी और कर्मठ अधिकारी हैं, जिनके नेतृत्व में राजस्व और कानून-व्यवस्था से जुड़े कार्यों में सुधार होगा। स्थानीय प्रशासन और आम जनता को उनसे बेहतर कार्यशैली और त्वरित समस्याओं के समाधान की अपेक्षा है।

## थाना प्रभारी निरीक्षक ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**कांठ।** थाना कांठ परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस उप निरीक्षकों पुलिस कर्मियों की बैठक ली और उन्हें उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने कहा कि सभी उप निरीक्षक एवं पुलिसकर्मी यश ऐप पर बीट सूचना की जानकारी दें। सीसीटीवी कैमरा आदि की फिटिंग एवं आगामी त्यौहार के संबंध में सभी अपने-अपने क्षेत्र में ध्यान रखें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश की तामील एवं जेल से छूट कर आए अपराधियों का सत्यापन सभी उप निरीक्षक एवं पुलिसकर्मी अपने-अपने बीट क्षेत्र में करें इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिस्ट्रीशीटरों का उनके घरों पर जाकर सत्यापन करें कि वह अपराध तो नहीं कर रहा है और उसके किस संबंध है, क्या कर रहा है तथा वर्तमान की स्थिति के बारे में भी इसकी रिपोर्ट प्रेषित करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा जो दिशा निर्देश दिए गए हैं। वह भी उन्होंने बैठक में पुलिसकर्मियों को पढ़कर सुनाए और कहा कि अभियान चलाकर इन सभी निर्देशों का अनुपालन करें।

## महिला व बालिकाओं को जागरूक करने को वितरित किए पंपलेट

- मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में महिला व बालिकाओं को जागरूक करने का कार्य महिला पुलिस द्वारा किया जा रहा है। रविवार को मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक किया। साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया। महिलाओं व बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अभियान में जनपद की एंटी रोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिला की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन को चलाई जा रही विभिन्न विभागों की जानकारी दी।

इसके अलावा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेंसी काल/पैनिक बटन मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के विषय में पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 2265 रोगियों का किया निश्शुल्क उपचार


मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों को देखते डाक्टर। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 248 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया।मेलों सत्रों पर 32 चिकित्सकों एवं 138 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा 2265 रोगियों जिसमें पुरुष रोगी- 1093; महिला रोगी- 778 एवं 394 बच्चों का नि शुल्क उपचार हुआ। इसके साथ आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 112 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए।

मेलों में बुखार के 235, चर्म रोग के 481, दमा के 320, मधुमेह रोग के 94, नेत्र रोग के 11, उच्च रक्तचाप के 106 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गए। बुखार के सम्बन्ध में 36 मरीजों की मलेरिया की तथा 14 रोगियों की डेंगू की जांच की गई; जिसमें सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट नगेटिव रही। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर पंकज कुमार विश्नोई ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लानिंग) के लिए परामर्श व परिवार नियोजन सामग्री (चाइस आफ बास्केट) के लिये अलग से एक काउंटर बनाए गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशों में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध 142 व्यक्तियों को तंबाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।

## बीमा क्लेम को लेकर बैंक और कंपनी की लापरवाही पड़ी भारी

- उपभोक्ता आयोग ने दिलाया न्याय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ क्षेत्र के ग्राम छावड़ा निवासी जयवीर सिंह के मामले में बैंक और बीमा कंपनी की लापरवाही सामने आई है, जिसके बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने सख्त फैसला सुनाते हुए पीड़ित परिवार को राहत दिलाई है।

मिली जानकारी के अनुसार जयवीर सिंह ने अपने जीवनकाल में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, छाबड़ा शाखा में बचत खाता खुलवाया था और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 जमा कर पालिसी ले रखी थी। वह नियमित रूप से प्रीमियम का भुगतान कर रहे थे। यहां बता दे कि 29 जनवरी 2023 को खेत की रखवाली के दौरान आवारा पशुओं की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और 30 जनवरी 2023 को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम भी कराया गया। मृतक की पत्नी संतोष देवी, जो बैंक खाते में नामिनी थीं, ने बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया। बैंक ने मामला बीमा कंपनी को भेजा, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम खारिज कर दिया कि बीमा पालिसी में नामिनी पुत्र योगेंद्र सिंह हैं। इसके बाद योगेंद्र सिंह ने क्लेम प्रस्तुत किया, लेकिन बीमा कंपनी ने 1 वर्ष 2 माह की देरी का हवाला देकर भुगतान से इनकार कर दिया। जबकि परिवार का कहना था कि पहले मां द्वारा समय सीमा में आवेदन किया गया था और बैंक की गलत जानकारी के कारण देरी हुई। मामले में अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया गया। सुनवाई के दौरान बैंक और बीमा कंपनी दोनों ही जिम्मेदारी से बचते नजर आए। आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद माना कि बैंक द्वारा गुमराह किए जाने के कारण क्लेम प्रक्रिया प्रभावित हुई और इसमें परिवादी की कोई गलती नहीं थी। जिस पर आयोग ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वह योगेंद्र सिंह को दो लाख रुपये की बीमा धनराशि 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह के भीतर अदा करे। इसके साथ ही 25,000 मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि तथा 5,000 वाद व्यय के रूप में भी भुगतान करने के आदेश दिए गए। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में भुगतान न करने की स्थिति में 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से धनराशि देय होगी।

**समस्या** दो वर्ष पहले आरंभ हुआ ओवरब्रिज निर्माण का कार्य, अभी तक नहीं हो निर्माण कार्य पूरा

# ओवरब्रिज निर्माण में हो रही देरी नागरिकों को हो रही परेशानी


मंडी समिति रेलवे फाटक निर्माणाधीन ओवरब्रिज। –जागरण मोर्चा


रेलवे लाइन से बाइक निकालते लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर पिछले दो वर्ष से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी बना हुआ है। अभी भी लगभग ओवरब्रिज निर्माण में एक वर्ष का समय लग सकता है। जिसका कारण कार्य धीमी गति से होना बताया जा रहा है। पिछले वर्ष से ही रेलवे फाटक बंद है। जिससे आवागमन में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तेज कर शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिए व्यापारियों के साथ-साथ नागरिकों ने कई बार आंदोलन किए गए थे। ताकि रेलवे फाटक से ट्रेनों का आवागमन अधिक होने पर अधिकांश रेलवे फाटक बंद रहता था। जिससे मंडी समिति में जाने वाले किसान, आढ़ती, विद्यार्थी सहित आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता था। उत्तर प्रदेश सरकार ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लिया और रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की घोषणा कर दी। दो वर्ष पहले ओवरब्रिज निर्माण कार्य आरंभ हुआ। तभी से कार्य धीमी गति से चल रहा है। ओवरब्रिज निर्माण तो काफी पहले हो जाना चाहिए था। मगर ऐसा नहीं हो सका है। अभी भी निर्माण का कार्य का काफी कार्य बचा है। ओवरब्रिज एक ओर बहजोई रोड पर सीएल गैस एजेंसी के पास व दूसरी ओर गुमथल चौराहा के पास उतर रहा है। ओवरब्रिज निर्माण के चलते रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया है। जिससे विद्यालय जाने वाले विद्यार्थी, मंडी समिति में जाने वाले आढ़ती, किसान व आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब नागरिकों ने शीघ्र ही ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग की है।

# भाजपा की बैठक में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

## आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक चर्चा की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने जानकारी दी कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर



बैठक को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

पर बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य समाज में एकता और समानता का संदेश देना है।बताया कि कार्यक्रमों के तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान चलाएंगे, सामाजिक चौपालों का आयोजन करेंगे और स्वच्छता अभियान के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाएंगे। साथ ही, विभिन्न गोष्ठियों का आयोजन कर बाबा साहेब के विचारों और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समतामूलक समाज के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।अंबेडकर जयंती जैसे अवसर इस दिशा में जनसंपर्क को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में जिला महामंत्री नवीन चौधरी, आदित्य शंख्यधर, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला उपाध्यक्ष चकित चौधरी, डॉ. यशवीर सिंह, चंद्रपाल सैनी, आदेश चौधरी, कमल प्रजापति, जिला मंत्री बृजेश लोधी, विक्रांत चौधरी, लकी चौधरी, कशिश चौहान सहित किसान मोर्चा अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, आंचल, दीपक एवं सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए किया जनसंपर्क

**कांठ।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं शोभायात्रा को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (पंजी) के पदाधिकारी और सदस्यों ने क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है। इस दौरान ब्राह्मण महासभा ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की। ग्राम अहमदपुर निगूं नंगला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव से संबंधित समस्त कार्यक्रमों के लिए ब्राह्मण समाज के लोगों से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की जिला और क्षेत्रीय इकाई के पदाधिकारी और सदस्यों ने संपर्क किया। बैठक करते हुए अवगत कराया गया कि 19 को अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ उठाना है। ग्राम भ्रमण के दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा का जगह-जगह ग्रामीणों ने भव्य स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने से न केवल आपसी एकता को बल मिलता है

## सार संक्षेप

### अवैध खनन पर प्रशासन का कड़ा प्रहार

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीपपुर में अवैध खनन की शिकायतों पर विराम लगाते हुए खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन अधिकारी के.बी. सिंह के नेतृत्व में शनिवार देर रात दीपपुर क्षेत्र में छापेमारी की गई, जहाँ से अवैध खनन में संलिप्त एक हाइड्रा मशीन और मिट्टी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली को रंगे हाथों पकड़ा गया।खनन अधिकारी ने बताया कि उन्हें मुखबिर के जरिए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उठाव की सूचना मिल रही थी। टीम ने घेराबंदी कर मौके से वाहनों को कब्जे में लिया और हसनपुर कोतवाली में खड़ा करवा दिया है। सूत्रों की मानें तो यह खनन माफिया क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि के संरक्षण में फल-फूल रहा था। इसी रसूख के दम पर आरोपी लंबे समय से अधिकारियों को डरा-धमका कर अवैध कारोबार संचालित कर रहा था। खनन अधिकारी के.बी. सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

### विपक्ष पर बरसे मंत्री अनिल कुमार, बोले टूटी-फूटी कांग्रेस के सहारे गठबंधन

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद कांठ क्षेत्र स्थित भीगनपुर प्रदीप फॉर्म हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम आगामी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता और महापुरुषों की विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिनव चौधरी द्वारा कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विचारों और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद जरूरी है बताया कि प्रदेश सरकार महापुरुषों की प्रतिमाओं के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए विशेष योजना चला रही है। इसके तहत प्रतिमाओं के आसपास बाउंड्री वॉल, बेहतर लाइटिंग और हरियाली की व्यवस्था की जाएगी, जिससे स्थल आकर्षक बनने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा। राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए मंत्री ने विपक्ष, खासकर सपा गठबंधन पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अब केवल कांग्रेस का सहारा रह गया है, जो खुद "टूटी-फूटी" स्थिति में है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए पूरी तरह मजबूत है। जनता का विश्वास उसके साथ है। मंत्री ने अंत में कहा कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### भाईचारा एवं समरसता समारोह आयोजित

**कांठ।** जनपद मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र अंतर्गत भीकनपुर स्थित प्रदीप फार्म हाउस में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म सप्ताह के उपलक्ष्य में भाईचारा एवं समरसता समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सामाजिक समरसता, समानता एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को एकजुट कर मजबूत भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने भेदभाव मिटाकर आपसी सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी ने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों और चौधरी चरण सिंह के आदर्शों पर चलते हुए किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा की जाएगी।

# भाजपा स्थापना दिवस पर ग्राम महासंपर्क अभियान

● बेगमपुर में घर-घर पहुंचकर दी योजनाओं की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगठन के निर्देशानुसार कांठ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर में ग्राम महासंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया और पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में समस्त जाति धर्म के लोगों का सम्मान रखते हुए सर्वाधिक विकास कार्य कराए गए हैं। विकास कार्यों से देश के करोड़ों पात्र लोग लाभान्वित हुए हैं। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पत्र वितरित करते हुए सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को भी साझा किया।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर एवं बेगमपुर के बूथ अध्यक्ष अशोक विश्नोई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जनसंपर्क अभियान से संगठन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, तीन दोस्त घायल

● एक की हालत गंभीर, मुरादाबाद रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** संभल मार्ग पर ढक्का मोड़ व उझारी के बीच सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के चक्कर में तीन दोस्तों की कार अनियंत्रित होकर तालाब के किनारे खंदक में पलट गई। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। जिसमें एक की हालत को नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद संभल के मौहल्ला चमन सराय निवासी फैजान पुत्र मोहम्मद शरीफ, अली पुत्र मोहम्मद उमर और अमन पुत्र महबूब अपनी बलेनो कार में सवार होकर संभल से नगर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार ढक्का मोड़ व उझारी के बीच पहुँची तो सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब के पास खंदक में पलट गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को नगर के



घायल को ले जाते परिजन।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अमन की हालत को गंभीर देखते हुए उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां परिजन अमन को मुरादाबाद के अस्पताल ले गए हैं जबकि फैजान व अली का उपचार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

# अंबेडकर जयंती को लेकर कोतवाली में हुआ बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन द्वारा बैठक का आयोजन किया। बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नई परंपरा ना डालने के आदेश दिए।

14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव है जो क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। बाबा साहब के अनुयाई जन्मोत्सव को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं प्रशासन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपनी तैयारीयां कर रहा है। तैयारियों को लेकर रविवार को कोतवाली प्रांगण में पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को बुलाकर बैठक का आयोजन किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार



बैठक को संबोधित करते कोतवाल। -जागरण मोर्चा

तिवारी द्वारा कहा गया कि बिना अनुमति के कोई भी कार्यक्रम नहीं किया जाएगा।जोभी कार्यक्रम होंगे। वह शांति व्यवस्था कायम रखते हुए बनाए जाएंगे। इसी के साथ उन्होंने प्रत्येक आयोजन कमेटी से 10-10 व्यक्तियों के नाम एवं नंबर लिए हैं।कहा कि बाबा साहब प्रत्येक भारतवासी के हैं हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी कार्यक्रम से किसी को दिक्कत ना हो। बैठक में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज अंकित बालियान, उप निरीक्षक लोहर सिंह,उप निरीक्षक संजय पवार, उपनिरीक्षक श्रीपाल यादव, चंचल सागर, विनोद गौतम, महेश पाल,बाबूराम,प्रकाश,महेंद्र,राजेंद्र सिंह, विकास, जितेंद्र, पिंटू,अखिलेश, जयवीर सिंह,पवन कुमार,महिपाल सिंह,अजय कुमार,रामवीर सिंह, छोटेलाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# किसान की ट्राली में अज्ञात शरारती तत्वों ने लगाई आग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में देर रात अज्ञात शरारती तत्वों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। गांव निवासी एक किसान के घर के बाहर खड़ी ट्राली को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे किसान का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर खादर निवासी पीड़ित किसान संतराम सिंह पुत्र बल्लू ने बताया कि वह शनिवार शाम वह अपने खेत से, घर से करीब चार किलोमीटर दूर स्थित है, गेहूं फसल का लाक भरकर लाए थे। उन्होंने घर के बाहर ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी की थी। योजना थी कि अगले दिन दूसरे खेत पर ले जाकर फसल का लाक की गहाई कराई जाएगी। लेकिन देर रात को अज्ञात व्यक्ति ने ट्राली में आग लगा दी। जब तक आग



पर काबू पाया जाता, तब तक ट्राली और उसमें रखी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान संतराम के अनुसार, इस अग्निकांड में उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गौरतलब है कि खबर लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस या संबंधित विभाग को लिखित सूचना नहीं दी गई है। घटना के बाद से किसान का परिवार सदमे में है और ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित मुआवजे व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मुरादाबाद में अवैध निर्माण, प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** अवैध निर्माणों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार सख्ती कर रही है तो वहीं शहरों में अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। जानकार बताते हैं कि ये अवैध निर्माण अधिकारियों की मिलीभगत के बिना सम्भव नहीं हैं, उच्च अधिकारी जानकर भी अनजान बन जाते हैं और पनप रहे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं।

मुरादाबाद शहर में भी अवैध निर्माण लगातार जारी हैं। अधिकारी और कर्मचारी ही नियमों की अनदेखी कर ऐसे निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना अनुमति के निर्माण कार्य खुलेआम जारी हैं, लेकिन इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। बड़े स्तर पर हो रहे अवैध निर्माणों को नजर अंदाज किया जा रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ



सम्राट अशोक नगर में बेसमेंट के साथ कराया जा रहा अवैध निर्माण।

रहे हैं। अब शहर के काशीराम नगर, खुशहालपुर, हरथला, बैंक कॉलोनी और सम्राट अशोक नगर जैसे इलाकों में भी बिना अनुमति निर्माण बड़े पैमाने पर नियमों की अनदेखी कर निर्माण कराया जा रहा है। क्षेत्रीय जूनियर इंजीनियर और सुपरवाइजरो के संरक्षण में ही ये अवैध निर्माण हो रहे हैं। यही वजह है कि कई निर्माण कार्य बिना किसी रोक-टोक के तेजी से पूरे हो जाते हैं, जबकि नियमानुसार ऐसे निर्माणों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। जिन मामलों में आर्थिक लेन-देन नहीं होता, वहीं सख्ती दिखाई जाती है, जबकि अन्य मामलों में नियमों को दरकिनार कर दिया जाता है। वहीं, एमडीए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह यादव पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों की माने तो जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद अवैध निर्माण के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे न सिर्फ शहर की योजना प्रभावित हो रही है, बल्कि भविष्य में बुनियादी ढांचे पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। काशीराम नगर में हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए अधिकारी भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। सुपरवाइजर पवन अपने जेई से हमसाज होकर अवैध निर्माणों को बढ़ावा दे रहा है। सम्राट अशोक नगर में लगातार अवैध निर्माणों को बढ़ावा दे रहे सुपरवाइजर पवन ने ही भाजपा विधायक की बात को दरकिनार कर दिया था।अधिकारियों से मिलकर निर्माण पर कार्यवाही करा दी थी।

# पुलिस व वन चौकी के पास दबंगों ने दिनदहाड़े काटे शीशम के पेड़, विभाग में हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें अब खाकी और वन विभाग का खौफ नहीं रहा। ताजा मामला रहरा थाना क्षेत्र का है। जहां थाना परिसर और वन विभाग की चौकी से महज कुछ ही दूरी पर दबंगों ने दिनदहाड़े दर्जनों कीमती शीशम के पेड़ों पर आरा चला दिया।

ताज्जुब की बात यह है कि जिस वक्त यह अवैध कटान हो रहा था, वन विभाग की पूरी टीम पास के ही हैदलपुर जंगल में सर्वे करने का काम कर रही थी।दिनदहाड़े हुए इस कटान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने विभागीय सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि अधिकारियों की नाक के नीचे



दबंगों ने कटी शीशम की लकड़ी।

इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों का कटने बिना मिलीभगत के संभव नहीं है।मामले की गंभीरता को देखते हुए वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि कटान की सूचना मिलते ही जांच टीम गठित कर दी गई है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### टेंपो संचालकों ने दो लोगों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

**हसनपुर।** नगर के टेंपो संचालकों के द्वारा दो लोगों पर अवैध वसूली एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है, पीड़ितों का कहना है कि दोनों व्यक्तियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे से गजरौला के लिए टेंपो का संचालन हो रहा है। जिसमें कुछ लोगों द्वारा टेंपो का संचालन कर अपने परिवार का पालन पोषण किया जा रहा है। पीड़ित अमीचंद, रिंकू,आमिर एवं हसनुद्दीन अली द्वारा रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से पीड़ितों ने बताया कि उनके टेंपो के सभी कागज पूर्ण हैं और वह टेंपो चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं लेकिन दो व्यक्तियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई तथा अवैध उगाही की जाती है। जो टेंपो संचालक उन्हें अवैध रूप से धनराशि नहीं देता है तो वह उसके साथ मारपीट करते हैं और उसे धमकी देते हैं। पीड़ितों ने मांग करते हुए कहा की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

सराहनीय

युवा पीढ़ी को विशेषज्ञों से सीधे संवाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा

# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में सजेगा फिजियोविज़न 1.0 का अंतर्राष्ट्रीय मंच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का फिजियोथेरेपी विभाग 14 अप्रैल से पहली दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'फिजियोविज़न 1.0 की मेजबानी करने जा रहा है। नवाचार और पुनर्वास उत्कृष्टता का संगम के मूल मंत्र के संग आयोजित होने वाली यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को एक नई दिशा देने का प्रयास है।

आधुनिक विज्ञान और परंपरागत देखभाल के इस अनूठे संगम से रोगी के उपचार को और अधिक प्रभावी एवम्




परिणामदायी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में वैश्विक दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड से एड्रॉइट फिज़ियो के संस्थापक डॉ.सोहराब शर्मा, मालदीव से मालदीव नेशनल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस से डॉ. उजमा सैयद और मलेशिया से फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी से डॉ. तरुण अमलनेरकर जैसे विशेषज्ञ इस सम्मेलन की शोभा बढ़ायेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम कौल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा, इस सम्मेलन में चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट सांस फाउंडेशन, नई दिल्ली से डॉ. पी.पी बोस,प्रिंसिपल इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर,नई दिल्ली से प्रो.डॉ. चित्रा कटारिया , डीन राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान यूनिवर्सिटी एवम् प्रिंसिपल स्वास्थ्य कल्याण, जयपुर से प्रो. डॉ. ध्रुव तनेजा , हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट एवं फिजियोथेरेपिस्ट वन्य भारतीय खेल प्राधिकरण, न्यू दिल्ली से डॉ. प्रहलाद प्रियदर्शी आदि विचार प्रस्तुत करेंगे। अकादमिक सत्रों के साथ-साथ यह कॉन्फ्रेंस शोध एवम् नवाचार का जीवंत केंद्र भी बनेगी। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं पोस्टर एवं पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में अपने नवीन शोध कार्यों एवं विचारों को प्रस्तुत करेंगे।प्रोफेसर कौल ने उम्मीद जताई, यह आयोजन युवा पीढ़ी को विशेषज्ञों से सीधे संवाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा,यह एक सम्मेलन नहीं , बल्कि यह फिजियोथेरेपी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

यह ऐतिहासिक आयोजन नैतिकता, सहयोग और समग्र पुनर्वास की भावना को और अधिक सशक्त करेगा। बकौल प्रो. कौल मुरादाबाद की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का यह महासमागम न केवल छात्रों के लिए सीखने का एक सुनहरा अवसर है, बल्कि चिकित्सा जगत में 'नवीनता और उत्कृष्टता' के नए आयाम स्थापित करेगा।

# सम्पादकीय

## सुरों की जादूगरनी

92 वर्ष की आयु में दिग्गज गायिका आशा भोसले का निधन हो गया, जिससे भारतीय संगीत के एक स्वर्ण युग का अंत हो गया। अपने आठ दशकों के करियर में, उन्होंने 12,000 से अधिक गाने गाकर और पद्म विभूषण जैसे सम्मान प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भारतीय संगीत जगत की सबसे प्रभावशाली आवाजों में से एक, आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सुरों और मौलिकता के अद्भुत मेल के लिए जानी जाने वाली आशा जी ने आठ दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया। आइए उनके जीवन के कुछ सुनहरे पहलुओं पर नजर डालते हैं: आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर, 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में शास्त्रीय गायक पंडित दीनानाथ मंगेशकर के घर हुआ था। महज 9 साल की उम्र में पिता के निधन के बाद, उन्होंने अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ फिल्मों में गाना शुरू किया। 1943 में मराठी फिल्म 'माझा बाल' से उन्होंने अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया। हिंदी सिनेमा में उनकी शुरूआत 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से हुई थी। आशा जी अपनी सुरीली आवाज और हर तरह के गाने गाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थीं। उन्होंने फिल्म संगीत, पॉप, शास्त्रीय, भजन, गजल, कव्वाली और रवींद्र संगीत जैसी विभिन्न शैलियों में महारत हासिल की। उन्होंने 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए। म्यूजिक आइकन्स के साथ जुगलबंदी की बात करें तो पचास से सत्तर के दशक के स्वर्णिम युग में उन्होंने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और आर.डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के साथ मिलकर संगीत के नए मानक स्थापित किए। आशा भोसले के योगदान को देश और दुनिया ने कई बड़े सम्मानों से नवाजा गया, इनमें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (2000), पद्म विभूषण (2008), 1981 में 'उमराव जान' (दिल चीज क्या है) और 1987 में 'इजाजत' (मेरा कुछ सामान) के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार शामिल है। उनकी गायकी की रेंज इतनी बड़ी थी कि उन्होंने एक तरफ 'इन आंखों की मस्ती' जैसी गंभीर गजलें गाईं, तो दूसरी तरफ 'पिया तू अब तो आजा' और 'ये मेरा दिल' जैसे जोशीले कैबरे गीतों में जान फूंक दी। 90 के दशक में भी उन्होंने ए.आर. रहमान के साथ 'रंगीला रे' और 'तन्हा तन्हा' जैसे गानों के जरिए युवाओं के बीच अपनी लोकप्रियता बनाए रखी। 2013 में उन्होंने फिल्म 'माई' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर काम किया, जहां उनके अभिनय की भी काफी सराहना हुई। भोंसले की लोकप्रियता भारत तक ही सीमित नहीं थी। 1997 में ब्रिटिश बैंड 'कॉर्नरशॉप' ने उन्हें समर्पित गाना 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' रिलीज किया था, जो यूके के चार्ट्स में टॉप पर रहा। आशा भोसले भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपनी जादुई आवाज और सदाबहार गीतों के जरिए वे हमेशा अपने प्रशंसकों के दिलों में जीवित रहेंगी।

## आशा भोसले के बचपन से लेकर कई अनदेखे पल, तस्वीरों के जरिए देखें गायिका के जीवन का यादगार सफर




























अब तस्वीरों में यादें ही बाकी रह गईं...

## ब्लैक गोल्ड का अनसुना सच

# कड़वाहट से करिश्मा तक मल से बनी शाही कॉफी





कॉफी के शौकीनों के लिए 'कोपी लुवाक' किसी खजाने से कम नहीं, लेकिन इसकी सच्चाई जानकर कोई भी हैरान रह जाए।


इंडोनेशिया के जंगलों से आने वाली यह कॉफी एक जंगली जानवर के मल से होकर गुजरती है। अजीब प्रक्रिया और बेहद ऊंची कीमत के कारण इसे 'ब्लैक गोल्ड' कहा जाता है।

### ▫ कुदरत का अनोखा कॉफी मेकर

इस कॉफी की खासियत का राज है 'एशियन पाम सिवेट' एक बिल्ली जैसा जंगली जीव। यह जानवर केवल सबसे पकी हुई कॉफी चेरी ही खाता है। इसके पाचन के दौरान गूदा तो पच जाता है, लेकिन बीन्स सुरक्षित बाहर निकलते हैं। इस प्रक्रिया में एंजाइम्स बीन्स की कड़वाहट कम कर देते हैं और स्वाद को स्मूद व रिच बना देते हैं।

### ▫ यह होती है प्रक्रिया

सिवेट के मल से निकले बीन्स को इकट्ठा कर कई बार धोया जाता है, फिर सुखाकर रोस्ट किया जाता है। पूरी प्रक्रिया के बाद तैयार कॉफी कम एसिडिक, मुलायम और गहरे स्वाद वाली होती है, जिसे खासतौर पर प्रीमियम कैटेगरी में रखा जाता है।



### कीमत जो बना दे 'ब्लैक गोल्ड'

कोपी लुवाक की कीमत इसकी दुर्लभता और जटिल प्रक्रिया तय करती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत हजारों से लेकर लाखों रुपए प्रति किलो तक जाती है। भारत में भी इसका एक कप पीने के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर रहती है।

### महंगे स्वाद का कड़वा सच

इस लग्जरी कॉफी के पीछे एक गंभीर पहलू भी है। बढ़ती मांग के चलते कई जगह सिवेट को पिंजरों में कैद कर जबरन कॉफी चेरी खिलाई जाती है। इसी कारण अब 'वाइल्ड' यानी प्राकृतिक रूप से तैयार कॉफी की मांग बढ़ रही है, जिसे अधिक नैतिक माना जाता है।

### स्वाद के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी

कोपी लुवाक सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि स्वाद, विलासिता और विवाद का मेल है। इसे चखना एक अनोखा अनुभव जरूर हो सकता है, लेकिन इसके पीछे की प्रक्रिया और नैतिक पहलुओं को समझना भी उतना ही जरूरी है।


▪ हरिनारायण मिश्रा

## ह्वान राजवंश के क्रांतिकारी आविष्कार

# जहां से शुरू हुआ आधुनिक विज्ञान

जिस चीन को आज तकनीक के मामले में दुनियाभर में अव्वल माना जाता है, इसका इतिहास काफी पुराना है। ईसा पूर्व में भी चीन में ऐसी तकनीकें विकसित हुईं, जिनके बारे में उस दौर में कहीं कल्पना तक नहीं की जा सकती थी।

आइए, जानते हैं चीन की प्राचीन तकनीक के बारे में, जिसने कालांतर में दिशा बदली और आधुनिक तकनीक की राह विकसित हुई। प्राचीन दुनिया में कुछ ऐसे दौर आए, जिन्होंने मानव सभ्यता की दिशा ही बदल दी। ह्वान राजवंश उन्हीं में से एक था। 206 ईसा पूर्व से 220 ईस्वी तक फैले इस स्वर्णिम युग में चीन न सिर्फ राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत हुआ, बल्कि विज्ञान और तकनीक में भी ऐसी छलांग लगाई, जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। यही वह दौर था जब कागज से लेकर भूकंप मापने वाले यंत्र तक, कई क्रांतिकारी आविष्कार हुए।







### भूकंप-सूचक यंत्र (सिस्मोग्राफ)

वैसे तो चीनी वैज्ञानिक झांग हेंग ने कई आविष्कार किए, लेकिन उन्हें सिस्मोग्राफ के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। झांग ने 132 ईस्वी में दुनिया का पहला भूकंप सूचक यंत्र (सिस्मोग्राफ) बनाया। यह दूरदराज में आए भूकंप का संकेत दे सकता था। जैसे ही कंपन होता, धातु के ड्रैगन के मुंह से गेंद गिरकर नीचे रखे मेंढक के मुंह में जाती और आवाज के जरिए संकेत मिल जाता।

### कागज का आविष्कार...

दुनिया को लिखने-पढ़ने का सबसे बड़ा माध्यम देने का श्रेय काई लुन को जाता है। 105 ईस्वी में उन्होंने पेड़ की छाल, भांग, सन के छिलके और मछली पकड़ने के जाल के टुकड़ों को मिलाया। इसके बाद कुछ क्रिया करके कागज बनाया। इस आविष्कार ने ज्ञान के प्रसार में क्रांति ला दी।

### एक पहिया ठेला

चीन में संभवतः 100 ईस्वी पूर्व में एक पहिए वाले ठेले का आविष्कार हुआ। इसने भारी सामान ढोना बेहद आसान बना दिया। यही तकनीक समय के साथ आगे बढ़ी और आज दुनियाभर में दो या चार पहियों वाले ठेलों का चलन बढ़ा।

### ▫ झूलता पुल

ह्वान काल में इंजीनियरों ने प्रारंभ में रस्सियों से बने झूलते पुलों को विकसित किया। बाद में 90 ईस्वी के आसपास इन्हें लकड़ी के तख्तों से मजबूत बनाया गया। यह तकनीक आज के आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज की आधारशिला बनी। इस तरह के झूलते पुल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में आज भी रस्सियों और पौधों की जड़ों से बनाए जाते हैं।



### घोड़े की रकाब

घुड़सवारी को सुरक्षित और आसान बनाने वाली रकाब का विकास भी इसी दौर में हुआ। ह्वान राजवंश के आविष्कारक ने सर्वप्रथम कच्चा लोहा या कांस्य से यह उपकरण बनाया, जिसकी मदद से घुड़सवार बिना लड़खड़ाए काफी सामान के साथ घोड़े पर चढ़ सकता था।

### उन्नत हल



ह्वान काल में कृषि क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई। चीन में लोहे के हल को और अधिक उन्नत बनाया गया। इससे कम मेहनत में जमीन की गहरी और प्रभावी जुताई संभव हो गई। साथ ही, इससे खेतों में क्यारियां बनती थीं, जो मिट्टी का कटाव कम कर फसल उत्पादन बेहतर करती था।

### डीप ड्रिलिंग तकनीक — 4000 से अधिक फीट तक खुदाई

पहली शताब्दी में ह्वान काल में लोहे के सरियों की मदद से 4,000 फीट से अधिक खुदाई की जाती थी। इसके बाद ट्यूब के माध्यम से इसमें से नमक-जल निकाले जाते थे। यही तकनीक आगे चलकर आधुनिक तेल और गैस उद्योग की नींव बनी।





### मानचित्रण और खगोलीय प्रगति

ह्वान राजवंश में खगोल विज्ञान और मानचित्रण (कार्टोग्राफी) में भी बड़ी प्रगति हुई। सटीक नक्शे और तारों की समझ ने व्यापार, यात्रा और सैन्य रणनीतियों को नई दिशा दी। आज जब हम आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हैं, तो कहीं न कहीं उसकी जड़ें ह्वान काल के इन्हीं नवाचारों में छिपी हुई हैं, जो यह साबित करती हैं कि सही सोच और प्रयोगशीलता से इतिहास बदला जा सकता है।

## उज्बेकिस्तान में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में समीर बोहरा दिखाएंगे पंच का दम

- दीपशिखा के बैडमिंटन प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)(एजेंसी)।** सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के समीर बोहरा का चयन उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में प्रतिभाग करने वाली भारतीय टीम में हुआ है. समीर बोहरा पिथौरागढ़ के हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज में



बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. 1 से 16 मई तक आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप में समीर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे. एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में समीर बोहरा से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। बेहतरीन प्रदर्शन आया काम : 4 से 11 अप्रैल 2026 तक पटियाला, पंजाब में आयोजित चयन ट्रायल्स में समीर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. उनके प्रदर्शन के आधार पर समीर का चयन भारतीय टीम में हुआ है. समीर बोहरा ने इससे पहले भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं. समीर बोहरा वर्तमान में हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ में कक्षा-9 में अध्ययनरत हैं और प्रशिक्षक रविंद्र सिंह एवं देशरत्न बोहरा से बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं.अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2026 में समीर से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

- **समीर के चयन से खुशी का माहौल :** इस प्रतियोगिता को लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी समेत जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन ने समीर को शुभकामनाएं दी हैं.अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इससे पूर्व हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ कॉलेज के खिलाड़ी आदित्य भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं. बॉक्सिंग खिलाड़ी आदित्य महरा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं।
- **दीपशिखा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन :** बेरीनाग के हिमालय इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा दीपशिखा कार्की ने अपने उत्कृष्ट खेल से क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उनका चयन अंडर



17 राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जिसमें वह उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी. प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित की जाएगी. दीपशिखा की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है. दीपशिखा के चयन पर मुख्य शिक्षा अधिकारी तरूण पंत, खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार, एसडीएम खुशबू पांडे, प्रधानाचार्य देवबाला बिष्ट, प्रबंधक प्रकाश कार्की, संरक्षक सीएस कार्की,उप प्रधानाचार्य भूपेंद्र पपोला, भास्कर पंत, मंजू कार्की, यति रौतेला,कमलेश जोशी समेत आदि ने खुशी जताई है।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर-1 को दी मात




### 61 साल बाद फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय शटल आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है. वो टूर्नामेंट के मेंस सिंगल में फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे और 1965 के बाद यहां तक पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. 1965 में दिनेश खन्ना ने टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।

### आयुष शेट्टी का शानदार कम्बैक

शनिवार को निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में पुरुषों के सिंगल्स सेमीफाइनल में आयुष ने वर्ल्ड नंबर - 1 और पेरिस 2024 के सिल्वर मेडलिस्ट कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर चौंका दिया. वर्ल्ड में 25वीं रैंक वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और पहला सेट 10-21 से हारने के बाद लगातार दो सेट 21-19, 21-17 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली. यह मैच एक घंटा 15 मिनट तक चला।

- **आयुष के लिए एक बड़ी उपलब्धि-** यह जीत आयुष के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि वह 2018 में एच.एस. प्रणॉय के बाद बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी बन गए हैं. इसने इस टूर्नामेंट में भारत के पोडियम पर पहुंचने के इंतजार को भी खत्म कर दिया. इससे पहले आखिरी मेडल 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स टीम ने जीता था।
- **वर्ल्ड नंबर 4 को भी हराया-** फाइनल तक का आयुष का सफर काफी शानदार रहा है. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ही सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने वर्ल्ड नंबर 4 जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था. यह इस इंडोनेशियाई स्टार के खिलाफ उनकी पहली जीत थी. टूर्नामेंट में इससे पहले, उन्होंने वर्ल्ड नंबर 7 ली शी फेंग को सीधे गेम में हराया था और उसके बाद चीनी ताइपे के चिन यू जेन पर भी एक और मजबूत जीत हासिल की थी।

### सिंधु-लक्ष्य ने किया निराश

खास बात ये है कि इस टूर्नामेंट में दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पी.वी. सिंधु दूसरे राउंड में हार गईं, जबकि लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो गए, जिनसे भारत को काफी ज्यादा उम्मीदें थी. आयुष शेट्टी अब एक बड़ी उपलब्धि की दहलीज पर खड़े हैं. वे भारत की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं और अपने करियर के सबसे बड़े खिताब के साथ अपने इस शानदार सफर को अंजाम तक पहुंचाने का लक्ष्य रखे हुए हैं।

# वैभव की एक और तूफानी पारी

**राजस्थान ने आरसीबी को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की**




**नईदिल्ली(एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 16वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी को 6 विकेट से हराकर इस सीजन अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की. 202 रनों के लक्ष्य को राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 और ध्रुव जुरेल के 43 गेंद में 81 रनों की नाबाद पारी की बदौलत 12 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया. जडेजा भी 25 गेंद में 24 रन बनाकर नाबाद रहे।

**वैभव-जुरेल की धमाकेधार बल्लेबाजी-** वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर तूफानी पारी खेलकर सबका दिल जीत लिया. उन्होंने 15 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की, और मैच में 26 गेंद में 78 रन बनाकर आउट हुए. जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल हैं. वहीं ध्रुव जुरेल 43 गेंद में 81 रन बनाकर नाबाद रहे.

### वैभव सूर्यवंशी ने भुवनेश्वर, हेजलवुड और बुमराह का सामना करने पर बोला मैं गेंद खेलता हूँ न कि गेंदबाजों को

वैभव सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ एक और मैच जिताऊ पारी खेलकर सबका दिल जीत लिया. उन्होंने 26 गेंदों में 78 रन बनाए. जिसमें 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस दौरान वैभव ने स्विंग के किंग भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के नंबर वन गेंदबाज जोश हेजलवुड के छक्के छुड़ा दिए ।वैभव ने इस मैच में भी बेहद निडरता से खेला. उन्होंने सबसे पहले भुवनेश्वर कुमार की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाई, और फिर जोश हेजलवुड के ओवर में 19 रन बनाकर उन पर भी जोरदार हमला किया. इससे पहले वौभव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में भारत के नंबर वन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक ही ओवर में दो छक्के जड़कर सबको हैरान कर दिया था.। 'सर मैं गेंद को खेलने की कोशिश करता हूं, गेंदबाज को नहीं' 78 रनों की शानदार पारी की वजह से वैभव को प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. मैच के बाद प्रेजेंटेशन में जब उनसे ये सवाल पूछा गया कि, क्या आप को बुमराह, भुवनेश्वर और हेजलवुड जैसे गेंदबाजों से डर नहीं लगता? तो वैभव ने अपने जवाब में कहा, ' सर मैं गेंद को खेलने की कोशिश करता हूं, गेंदबाज को नहीं.' मैच के बाद सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं बस अपनी ताकत पर भरोसा करने और अभ्यास में जो किया है, उसे ही मैदान पर उतारने की कोशिश करता हूं.

### आउट होने पर निराश क्यों होते हो?

वैभव ने आगे कहा, 'मेरे पिता मुझे लगातार मार्गदर्शन देते रहते हैं. यहां मेरे अभिभावक रोमी सर हैं. वे मुझे हमेशा याद दिलाते रहते हैं कि यह सफर बहुत लंबा है. इसलिए, मुझे सिर्फ अपने खेल पर ध्यान देना है, किसी और चीज पर नहीं.'78 रन बनाने के बावजूद आउट होने के बाद सूर्यवंशी थोड़े निराश दिखे.

## चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- वैशाली ड्रॉ के साथ टॉप पर पहुंचीं

- दिव्या देशमुख और प्रज्ञानानंदा हारे; टूर्नामेंट के 4 राउंड बाकी




- **गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट-** पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था।

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने एफआईडीई चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा इस हार के बाद 7वें नंबर पर खिसक गए। टूर्नामेंट साइप्रस के पाफोस में खेला जा रहा है। अभी चार राउंड बाकी हैं।

**टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 अंक का अंतर-** 10वें राउंड में वैशाली को खास परेशानी नहीं हुई और खेल बिना उतार-चढ़ाव के ड्रॉ रहा। झू जिनेर को बिबिसारा असाउबायेवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वैशाली को बढ़त मिली। टूर्नामेंट बेहद रोमांचक बना हुआ है। टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 पॉइंट का अंतर है।

# चेस में 'चीटिंग' का सस्पेंस

### हार से बौखलाए कार्लसन 19 साल के नीमन से भिड़ने पहुंच गए थे




**चेन्नई (एजेंसी)।** शतरंज की बिसात पर मोहरे अक्सर गहरी खामोशी व एकाग्रता के साथ चले जाते हैं। लेकिन 2022 में एक ऐसी चाल चली गई, जिसने कोहराम मचा दिया। वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर हंस नीमन पर चीटिंग का आरोप लगाया था।

यह शतरंज के इतिहास का सबसे बड़ा, गंभीर और चर्चित विवाद बन गया। अब चार साल बाद, नेटफ्लिक्स की नई डॉक्यूमेंट्री 'अनटोल्डः चेस मेट्स' ने इस विवाद को फिर से कुरेदा है। 74 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में कई ऐसे छिपे हुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश की गई है, जो दबे थे।

डॉक्यूमेंट्री में मैग्नस कार्लसन के पिता हेनरिक कार्लसन ने एक बेहद चौंकाने वाला किस्सा साझा किया है। अमेरिका में चल रहे प्रतिष्ठित सिंकफील्ड कप में जब नीमन ने कार्लसन को हराया, तो वह कार्लसन की लगातार दूसरे टूर्नामेंट में नीमन के हाथों हार थी। इस हार के बाद कार्लसन इस कदर गुस्से और हताशा में थे कि वे सीधे नीमन के होटल के कमरे का दरवाजा खटखटाना चाहते थे। हेनरिक बताते हैं, 'मैग्नस उस रात नीमन के कमरे में जाकर उससे सीधे पूछना चाहते थे कि आखिर यह सब क्या चल रहा है? तुम मुझे कैसे हरा रहे हो?' नीमन रैंकिंग और खेल कौशल में कार्लसन से काफी नीचे थे। इसके बावजूद वे बिना कोई खास मेहनत के, बिल्कुल सहजता से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मात दे रहे थे। पिता के समझाने पर कार्लसन नीमन के कमरे तक नहीं गए, लेकिन उन्होंने शतरंज के सबसे बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'चेस डॉट कॉम' का रुख किया। इस हाई-प्रोफाइल मामले में यह प्लेटफॉर्म ही मुख्य गवाह था, जिसने सबसे पहले इशारा किया कि नीमन ने अतीत में बेईमानी की है।

कार्लसन टूर्नामेंट से हट गए और चेस डॉट कॉम ने तत्काल नीमन को बैन कर दिया। इतना ही नहीं, प्लेटफॉर्म के सीईओ एरिक एलेबेस्ट ने जांच शुरू कर दी। अंततः इसी प्लेटफॉर्म ने 72 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की, जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा गया कि नीमन के खिलाफ 'आमने-सामने बैठकर खेले गए' मैच में बेईमानी का कोई सुराग या प्रमाण नहीं मिला है।

कार्लसन ने कभी सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें नीमन पर किस खास तरीके से चीटिंग करने का शक था, इसलिए इंटरनेट की दुनिया में अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। इनमें सबसे चर्चित थ्योरी यह थी कि नीमन ने अपने शरीर में कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस छिपा रखी थी, जो उन्हें बाहर किसी कंप्यूटर से सही चाल बता रहा था। डॉक्यूमेंट्री में नीमन इस बात को लेकर बेहद भावुक और गहरे अवसाद में नजर आते हैं। डॉक्यूमेंट्री के आखिरी हिस्से में कार्लसन खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्हें लगता है कि प्लेटफॉर्म ने उन्हें गुमराह किया। चार साल बीत जाने के बाद भी यह पूरा स्कैंडल एक ऐसे अंधे मोड़ पर खड़ा है, जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जिद पर अड़े हैं। सटीक जवाब किसी के पास नहीं है।

### नीमन ने स्वीकारी चीटिंग

डॉक्यूमेंट्री में चेस डॉट कॉम के चीफ चेस ऑफिसर डैनी रेंच ने बताया कि नीमन ने 100 से ज्यादा ऑनलाइन मैचों में अनुचित साधनों का प्रयोग किया था। नीमन ने स्वीकार किया कि उन्होंने 12 व 16 साल की उम्र में कुछ ऑनलाइन मैचों में रेटिंग बढ़ाने के लिए चीटिंग की थी।

# 'भारत में ईंधन की किल्लत नहीं': सरकार का बड़ा दावा- पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद भरे हैं भंडार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन भारत सरकार ने देश में ईंधन की आपूर्ति को स्थिर बनाए रखा है। पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने, निर्यात पर लेवी बढ़ाने और रिफाइनरियों की क्षमता बढ़ाने जैसे फैसलों से घरेलू कीमतों को बढ़ने से रोका गया है। साथ ही, समुद्र में फंसे भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकालने के प्रयास भी जारी हैं।

दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी अस्थाई संकट के बीच भारत सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल का भंडार भी इतना है कि बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में असामान्य उछाल के बावजूद सरकार ने घरेलू बाजार में तेल की



कीमतों को स्थिर रखा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल महंगा होने का असर सीधे जनता की जेब पर न पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क यानी कि एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है। इसके अलावा, घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्यात पर सख्ती बढ़ा दी गई है। 11 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के मुताबिक, डीजल के निर्यात पर लेवी बढ़ाकर 55.50 रुपये और हवाई ईंधन पर 42 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

सरकार के मुताबिक, आम घरों की जरूरतों को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी का उत्पादन बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित कोटे से अलग 48,000 किलोलीटर केरोसिन का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। दवा, खाद्य वितरण और रसायन जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को भी रोजाना 800 मीट्रिक टन सी3 और सी4 स्ट्रीम की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

# ईरान-अमेरिका शांति वार्ता विफल: आज शेयर बाजार में आ सकता है भूचाल, सावधान रहें

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** अगर आप शेयर बाजार के निवेशक हैं, तो सोमवार की सुबह आपके लिए उथल-पुथल भरी हो सकती है। पश्चिम एशिया से आ रही खबरों ने भारतीय बाजार में चिंता की लकीरें खींच दी हैं। पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच चल रही शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई है। अब विशेषज्ञों का कहना है कि इसका सीधा असर सोमवार को बाजार खुलते ही देखने को मिल सकता है।

रविवार को ईरान की ओर से आए बयान ने साफ कर दिया कि कूटनीति की राह इतनी आसान नहीं है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकई ने बताया कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण बातचीत किसी समझौते तक नहीं पहुंच सकी। वहीं, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का रुख कड़ा रहा। उन्होंने कहा कि शांति समझौते में सबसे बड़ी बाधा ईरान का अपना परमाणु कार्यक्रम न छोड़ना है। अमेरिका ने इसे अपना अंतिम और सबसे अच्छा प्रस्ताव बताया था, जिसे ईरान ने स्वीकार नहीं किया।

पिछले हफ्ते भारतीय बाजार में जबरदस्त रौनक देखी गई थी। सेंसेक्स 4,230 अंक और निफ्टी करीब 1,337 अंक चढ़कर बंद हुए थे। यह तेजी इस उम्मीद में थी कि युद्ध टल जाएगा और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे बनी रहेंगी। लेकिन वार्ता विफल होने से अब यह पूरी बढ़त दांव पर है।

शेयर बाजार विशेषज्ञ हरिप्रसाद के अनुसार, निफ्टी इस समय एक बेहद संवेदनशील मोड़ पर है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सोमवार को बाजार एक बड़ी गिरावट के साथ खुल सकता है। जो निवेशक पिछले हफ्ते की तेजी का फायदा उठा रहे थे, उन्हें अब भारी उतार-चढ़ाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

CMYK

# पोते की मौत का सदमा नहीं सह सकी दादी, फांसी लगाकर दी जान

## एक सप्ताह में दो मौतों से परिवार में मातम, क्षेत्र में शोक की लहर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर, पीलीभीत।** कस्बे के मोहल्ला दुबे में रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां एक बुजुर्ग महिला ने अपने पोते की मौत के सदमे में आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला दुबे निवासी श्याम कली के पोते हर्षित राठौर की करीब एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। यह हादसा बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर जीरोहनिया के समीप हुआ था। परिजनों के मुताबिक, पोते की असमय मौत के बाद से श्याम कली गहरे सदमे में थीं और लगातार उसे याद कर विलाप करती रहती थीं। इसी मानसिक आघात के चलते उन्होंने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही बीसलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक ही परिवार में एक सप्ताह के भीतर दो मौतों से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना के बाद मोहल्ले में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध नजर आया।


दादी पोते की मौत से गम में डूबे परिवार को ढाढ़स बंधाने आये कई लोग

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमन गंगवार का निधन, 13 अप्रैल को अंतिम संस्कार



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जिला सहकारी बैंक के सभापति सत्यपाल गंगवार की पत्नी एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमन गंगवार का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से जिले में शोक की लहर है। सुमन गंगवार ललौरीखेड़ा ब्लॉक से दो बार ब्लॉक प्रमुख रहीं और जिला सहकारी बैंक की सभापति के रूप में भी कार्य किया। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव सैजना लाया जा रहा है, जहां 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार होगा। जिले के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।

## स्कूल गई छात्रा को कर लिया अगवा, दो पर केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** स्कूल गई छात्रा को दो युवक वाइक से अगवा कर ले गए। आरोपियों के घर शिकायत करने पर धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि चार अप्रैल को उसकी पुत्री अपने घर से स्कूल के लिए गई थी।आरोप है कि रास्ते में दो युवक ने धोखे से स्कूल छोडने की बात कहकर अपनी वाइक से अगवा कर ले गए। जब वह वापस नही आई तो परिवार में खलवली मच गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। जिससे परिवार में हडकंप मचा हुआ है। जानकारी लगने पर जब इसकी शिकायत युवक के परिवार से की तो वह गाली गलौज करने लगे,विरोध करने पर मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई पुलिस ने राहुल व प्रेम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसको बरामद कर लिया जाएगा।

## दुबई का वीजा दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** दुबई का बीजा दिलाने का झांसा देकर युवक से हजारों की ठगी कर ली। बीजा ना मिलने पर रुपये वापस मांगे तो उसने इनकार कर दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। तहसील क्षेत्र के कस्बा घुंघचाई निवासी गुलजार ने वताया कि उसकी मुलाकात पूरनपुर के मोहल्ला कायस्थान निवासी एक युवक से हुई। दो साल पहले उसने दुबई का बीजा दिलवाने का पीडित को झांसा देकर युवक ने एक माह में वीजा दिलाने का अश्वासन पीडित को दिया। जिस पर पीडित ने तीस हजार रुपये दे दिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी उसको बीजा नही मिला। जिस पर उसने अपने रुपये वापस मांगे तो वह टाल मटोल करने लगा। दोबारा रुपये मांगे तो उसने रुपये देने मना कर दिया। विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकाने लगा। पीडित का कहना है कि उसके साथ धोखाधड़ी कर रुपये हडप लिए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।

## किसान के बैंक खाते से निकाल लिए रुपये, शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** किसान के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर हजारों रुपये निकाल लिए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी किसान राजू कुमार ने बताया कि उसका नगर की एक बैंक शाखा में खाता संचालित है। वह 23 मार्च को उसने खाते से दो हजार रुपये निकाले। छह अप्रैल को पांच हजार रुपये निकालने के बाद पासबुक में एंट्री कराने पर उसके खाते से 24 मार्च को 50 हजार रुपये निकलने की जानकारी हुई। इसकी सूचना उसने बैंक शाखा प्रबंधक और लिपिक को दी। बैंक कर्मियों ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। राजू ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर खाते से धोखाधड़ी कर रुपये निकालने के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया कि मामले की तहरीर मिली है जिसकी जांच पडताल शुरू कर दी गई है।






## युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत, परिजनों में मचा कोहराम

### कढ़ेरचौरा का रहने वाला था युवक, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** घर से बाइक लेकर निकले युवक का शव दूसरे दिन गांव से कुछ दूर खेत में लगी एक निजी मोटर के पास पड़ा देखा गया। जानकारी पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार किया है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कढ़ेरचौरा के 25 वर्षीय रजनीश कुमार शनिवार को अपने घर से बाइक लेकर किसी काम से निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन सुराग नहीं लगा। उसके वापस आने के इंतजार में पूरी रात गुजर गई। अगले दिन रविवार को पड़ोस के गांव रंपुरा कोन में एक किसान के खेत में लगी निजी मोटर के पास उसका शव देखा गया। इससे ग्रामीणों में खलबली मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। अनहोनी की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच-पड़ताल की और परिजनों से भी जानकारी जुटाई। उन्होंने पुलिस कार्रवाई करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंपेक्टर पवन कुमार ने बताया कि संदिग्धावस्था में युवक की मौत हुई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया है।

## बैशाखी से शुरू होती पंजाबी समाज के नए वर्ष की शुरुआत

### गुरु गोविंद सिंह ने आज के दिन की थी खालसा पंथ की स्थापना, गुरुद्वारों में हुई सजावटः मंगलवार को निकलेगी पालकी शोभायात्रा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** बैशाखी को लेकर नगर व आसपास क्षेत्र में सिख बाहुल्य इलाकों में काफी धूम देखी गयी। रविवार शाम को गुरुद्वारों को बंदनवार एवं रंग-बिरंगी रोशनी की झालरों से सजाया गया है।जबकि इस बार मंगलवार को पालकी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। देश भर में मंगलवार को बैशाखी का पर्व मनाया जा रहा है।हिंदी कैलेंडर के अनुसार इस दिन को हमारे सौर नव वर्ष की शुरूआत के रूप में भी जाना जाता है।इस दिन लोग अनाज की पूजा करते हैं,और फसल कटकर घर आ जाने की खुशी में भगवान और प्रकृति को धन्यवाद करते हैं। इतना ही नहीं सिख समुदाय के लोग हंसते गाते ढोल बजाकर खुशियाँ मनाते और झूमते हैं। देश के अलग-अलग जगहों पर इसे अलग नामों से मनाया जाता है-जैसे असम में बिहू, बंगाल में नबा वर्षा,केरल में पूरम विशु के नाम से लोग इसे मनाते हैं। बैसाखी दरअसल सिख धर्म की स्थापना और फसल पकने के प्र?तीक के रूप में मनाई जाती है।इस महीने रवी फसल पूरी तरह से पक कर तैयार हो जाती है, और पकी हुई फसल को काटने की शुरूआत भी हो जाती है। ऐसे में किसान रवी की फसल पकने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं।आज से 326 वर्ष पहले 13 अप्रैल 1699 के दिन सिख पंथ के दसवें गुरू श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसके साथ ही इस दिन को मनाना शुरू किया गया था।आज ही के दिन पंजाबी नए साल की शुरूआत भी होती है। बता दें कि इस बार मंगलवार को नगर में पालकी शोभायात्रा भी धूमधाम से निकाली जाएगी। यह पालकी यात्रा शाहजहांपुर के बंडा क्षेत्र से घूमते हुए नगर में आती है, और नगर के गुरुद्वारा साहिब में पहुंचती है। उसके बाद यात्रा पुनः शाहजहांपुर क्षेत्र में ही जाकर संपन्न होती है। पालकी शोभा यात्रा के साथ सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रालियों पर सिख समुदाय के लोग साथ में चलते हैं। पालकी के आगे आगे पंच प्यारे भी चलते हैं। इतना ही नहीं, पालकी शोभा यात्रा में पंजाब से रागी जत्था भी आता है, जो कीर्तन करता हुआ चलता है। इसके अलावा सिख समुदाय के लोग शस्त्रों का करतब भी दिखाते हुए चलते हैं।


गत वर्ष निकाली गई शोभा यात्रा में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के आगे चलते हुए पांच प्यारे

## छतों पर रखे टैंक के पानी में नहाते बंदर, उसी को पीने पर मजबूर लोग


### महिलाएं बोलीं:छतों पर बंदरों के हुड़दंग से होता नुकसान, बंदरों को पकड़वाने की कई बार उठी मांग,जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान





बिलसंडा में छत पर रख पानी के टैंक में उछल कूद करते हुए बंदर अक्सर सुबह होते ही बंदरों का झुंड घर की छतों पर आ जाता है।सबसे ज्यादा नुकसान वह छत पर रखे पानी के टैंक पर करते हैं।टैंकों पर कूदकर उसका पानी बर्बाद कर देते हैं।इतने शैतान हैं कि पानी की टोटियों व नलियों को भी जबरन नोचकर तोड़ देते हैं,जिससे बेवजह खर्चा भी बढ़ जाता है।

**पूनम गुप्ता**
**गृहणी बिलसंडा**



कभी कभी इनकी शैतानी इस हद तक बढ़ जाती कि लोगों का गुस्सा मजबूरन सातवें आसमान पर पहुंच जाता है।यह घर के कीमती कपड़ों के अलावा कोई भी वस्तु नही छोड़ते हैं। जिसे बाहर ले जाकर वह नष्ट कर देते हैं।

**वर्षा गंगवार**
**अध्यापिका बिलसंडा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** नगर में बंदरों का आतंक चरम पर है। घरों की छतों पर रखे टैंकों का ढक्कन खोल कर बंदर न केवल उस में घुसकर नहाते हैं ,बल्कि उसी गंदे पानी का सेवन करना भी लोगों की मजबूरी बना हुआ है। अधिकांश गली- मोहल्लों में बंदर आए दिन लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।कई बार लोगों द्वारा इसकी शिकायत भी वन विभाग एवं नगर पंचायत प्रशासन से की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर में बंदरों के झुंड छतों पर सुबह तड़के ही आकर चहलकदमी शुरू कर देते हैं। जिससे कई बार तो उन लोगों की नींद में भी खलल पड़ जाता है,जो गर्मी के चलते कमरों की बजाय अपनी खुली छतों पर सो रहे होते हैं। इस दौरान कई बार बंदरों ने सोते समय कई लोगों पर हमला भी बोल दिया। गत वर्ष मुहल्ला घस्सूगंज निवासी सुंदर लाल प्रजापति को भी बंदरों ने दौड़ाकर पीछा किया।जिससे वह लहूलुहान हो गए थे, इस घटना के बाद वह उबर ही नहीं पाए।आखिरकार असमय उनका देहांत हो गया। इसके अलावा भी नगर के कई मुहल्लों में बंदरों ने हमलाकर दर्जनों लोगों को घायल किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, देवदत्त सक्सेना, मुश्ताक अंसारी, अंकित शिवम, शक्ति, आकाश,राहुल, आदेश एवं बन्टू जायसवाल समेत लोगों ने बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की वन विभाग से मांग की है। उधर बंदरों के आतंक से घर की महिलाएं भी खासी परेशान दिखीं,उन्होंने भी इसको लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। इसके अलावा गांव बमरोली, बिलासपुर, करेली, कल्यानपुर और चांदपुर के ग्रामीण भी बंदरों के आतंक से खासे परेशान हैं।

## पूर्वांचल के विस्थापित परिवारों को कब मिलेगा भूमिधरी अधिकार

### भाकपा माले के जिला सचिव ने बयान जारी कर उठाए सवाल, बंग्लादेश और पूर्वांचल से आए सभी परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक देने की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** भाकपा माले जिला सचिव व राज्य कमेटी सदस्य देवाशीष राय ने पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) और पूर्वांचल से पुनर्वासन व उपनिवेशन योजना के तहत लाकर बसाए गए सभी परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक देने की मांग की है। उनका कहना है कि भाकपा माले और विस्थापित परिवार लंबे समय से अपनी मांग को लेकर आंदोलन चलाते आ रहे है। हाल ही में जिले के 1466 बंग्लादेश के विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक दिया गया लेकिन पूर्वांचल से आए परिवारों को भूमिधरी अधिकार दिलाने में सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि जनपद पीलीभीत में सर्वे कर 2196 परिवारों की संख्या बताई गई। उनमें से 1466 परिवारों को जमीन पर मालिकाना अधिकार देने की बात कहकर प्रचार किया गया। मगर शेष 730 परिवारों के बारे मे जानकारी गोपनीय रखी गई है। ये परिवार कौन हैं। क्या ये परिवार विस्थापित नहीं है। वैसे तो चंदिया हजारा में जो भूमि पुनर्वासन योजना के तहत आवंटित भूमि पहले से ही धोखे में रखी गई है। वन विभाग का नाम हटाए बिना ही जमीन दी गई जो आज तक राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हो सकी है। ऐसे में चंदिया हजारा के किसानों को खेती के लिए खाद भी नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही काल नौजलहा सहित कई गांव का है। पूर्वांचल से आने वाले परिवारों को भी जमीन पर मालिकाना अधिकार नहीं दिया जा रहा है। भाकपा माले मांग करती है कि चंदिया हजारा में आवंटित भूमि को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर सभी विस्थापित किसान परिवारों सहित वर्षों से काबिज किसानों और पूर्वांचल से आकर बसे परिवारों को जमीन पर मालिकाना अधिकार देने की गारंटी दी किया जाए। ऐसा नहीं होने पर जनांदोलन किया जाएगा।

## पूरनपुर के बंडा चौराहे पर चले लाठी-डंडे, मची भगदड़

### मटेहना के विकलांग ने कुछ लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**>>> कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गाली-गलौज के विरोध पर आटो चालक के साथ कुछ लोगों ने लाठी-डंडो से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान लोगों ने भगदड़ मच गई। आरोप है कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्रता करते हुए धमकी दी गई। विकलांग ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। मारपीट की घटना नगर के आसाम रोड पर बंडा चौराहे की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मटेहना के रहने वाले रामलड़ैते ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अनुसूचित जाति का है। आटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। शनिवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह आसाम रोड बंडा चौराहा पर सवारियों का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान कुछ लोग आए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करने लगे। चौराहे से आटो ले जाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर लाठी-डंडो से मारपीट शुरू कर दी। इससे उसके शरीर में कई जगह चोटें आईं। चौराहे पर मारपीट होने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाकर विकलांग को बामुश्किल बचाया। आरोप है मारपीट करने वालों ने दोबारा नगर में आटो लाने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। विकलांग ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।


पूरनपुर के बंडा चौराहे पर मारपीट होने से लोगों की भीड़ लग गई

विकास के नाम पर घोटाला

# घटिया सामग्री से हो रहा निर्माण, प्रधान-सचिव पर मिलीभगत के आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बीसलपुर, पीलीभीत।** बरखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पतरसिया में राजीव गांधी सेवा केंद्र के इंटरलॉकिंग व मरम्मत कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इंटरलॉकिंग कार्य में पीली ईंट और देसी रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा, जिससे भविष्य में सड़क और निर्माण जल्द ही खराब होने की आशंका है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर मिलीभगत कर सरकारी धन के बंदरबांट का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे मनमानी चरम पर है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में उप जिला अधिकारी नागेंद्र पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।


निर्माण कार्य के लिए लगाई गई इंटरलॉक बी मार्ग में पाड़ा रॉ मैटेरियल

# देहात क्षेत्र में बारदाना के इंतजार में थमी गेहूं की खरीद

**हवा में लहरा रहे क्रय केंद्रो पर बैनर, किसान परेशान**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** देहात क्षेत्र में लगे गेंहू क्रय केंद्रो पर अव्यवस्थाए हावी हैं। कंही वारदाना गायव तो कंही गेंहू तौल के इंतजार में पडा है। जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिले में गेंहू की खरीद शुरू हो चुकी है। तहसील पूरनपुर के देहात क्षेत्रों में गेंहू खरीद केंद्र खौले गए है। जिससे किसानों को वाजिब मूल मिल सके, लेकिन देहात में लगे गेंहू क्रय केंद्रो पर अव्यवस्थाए हावी हैं। गेहूं खरीद बारदान (बोरों) की कमी के चलते प्रभावित हो रही है। खरीद केंद्रों पर किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन पर्याप्त बारदान उपलब्ध न होने के कारण तौल प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। इससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और कई को बिना फसल बेचे ही लौटना पड़ रहा है। कई केंद्रो पर तो वैनर हवा में लहराते दिखाई दे रहे है। खरीद केंद्रों पर मौजूद किसानों ने बताया कि वे सुबह से लाइन में लगे रहते हैं। लेकिन बारदान की कमी के चलते उनकी फसल नहीं खरीदी जा रही। किसानों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो उनकी उपज खराब होने का खतरा बढ़ जाएगा। गेंहू बिक्री के लिए किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। किसानों ने गेंहू की खरीद व्यवस्था को ठीक कराए जाने की मांग की है।

# पसगवां में ग्रामीण करते रहे इंतजार, नहीं पहुंचे जांच टीम में शामिल अधिकारी

**मनरेगा के कार्यों में बरती गई धांधली की शिकायत पर डीएम ने गठित की जांच टीम, मनरेगा के कार्यों में खर्च हुए 70 लाख पर धरातल पर नहीं दिख रहे काम**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा, पीलीभीत।** ग्राम पंचायत पसगवां में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों में बरती गई धांधली की जांच करने गठित टीम नियत तिथि 10 अप्रैल को गांव पहुंची ही नहीं, जबकि ग्रामीण घंटों इंतजार करते रहे। ग्रामीणों ने जांच टीम में शामिल अधिकारियों पर दोषियों से लिप्तता का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। बता दें कि ग्राम पंचायत पसगवां में मनरेगा के तहत करीब 70 लाख रुपयों का कार्य कराया जाना दशार्या गया। आरोप है कि गांव में कराए गए विकास कार्यों में जहां धांधली बरती गई ,वहीं कई काम ऐसे भी दर्शा दिए गए जो धरातल पर कराए ही नहीं गए। बड़े पैमाने पर फर्जी कार्य दर्शाकर लाखों की धनराशि ठिकाने लगाई गई। बताते हैं कि कई काम मानक को धता बताकर कराए गए ,जो मौके पर गुणवत्ता विहीन दिखाई भी दे रहे हैं। उधर प्रधान और सचिव द्वारा की गई इस धांधली की शिकायत बीते दिनों ग्रामीण बर्मा सिंह, छिद्दू सिंह एवं कंचन सिंह ने शपथ पत्र के साथ डीएम से की। जिस पर डीएम ने मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार और सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी शैलेंद्र कुमार सिंह को टीम में शामिल करते हुए जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी। बताते हैं कि जांच टीम में शामिल अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार ने शिकायतकताओं के अलावा संबंधित जिम्मेदारों को पत्र जारी किया। जिसमें उन्होंने 10 अप्रैल को गांव में जांच के दौरान मौजूद रहने को कहा। बताते हैं कि नियत तिथि पर शिकायतकर्ता एवं गांव के अन्य लोग भी मौके पर पूरे दिन मौजूद रहकर इंतजार करते रहे, लेकिन जांच टीम गांव पहुंची ही नहीं।जिस पर अब सवालिया निशान उठ रहे हैं कि आखिर जांच टीम द्वारा नियत तिथि पर गांव में जाकर जांच क्यों नहीं की गई, अगर कोई विशेष वजह थी तो शिकायतकताओं को अवगत क्यों नहीं कराया गया। जांच टीम की मनमानी के चलते अब शिकायतकताओं ने मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उधर मामले को लेकर संबंधित जिम्मेदारों में खलबली मच गई है।




# रास्ता ठीक होने पर शारदा नदी पार आवागमन शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** वीते दिनों हुई बारिश से रास्ते पर जलभराव और कीचड़ हो गई थी। इससे वाहनों का आवागमन ठप हो गया था। शारदा पार से तहसील मुख्यालय आवागमन करने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। रास्ता ठीक होने पर पैंटून पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। शारदा नदी पार आवागमन के लिए शारदा नदी रास्ते से गुजरना पड़ता है। नदी पर हर साल पैंटून पुल बनाया जाता है। पुल से आवागमन शुरू कराने और पुल हटाने की तिथियां निर्धारित हैं। कुछ दिन पहले हुई झमाझम बारिश से शारदा नदी का रास्ता खराब हो गया था। जिससे आवागमन वाधित हो गया था। कीचड़ और जलभराव के चलते लोग परेशान है। बाइक सवार भी फिसलन के चलते नहीं निकल पा रहे थे। रास्ते से वाहनों का आवागमन बंद होने पर शारदा नदी पार से तहसील मुख्यालय आवागमन को लोगों को लंबी दूरी तय करनी पडती थी। मौसम ठीक होने के बाद रास्ते में भरे पानी को पंपिंग सेट से खिंचवाकर नदी में गिराया गया। रास्ता ठीक होने पर अब शारदा नदी रास्ते से वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया। पीडब्ल्यूडी के जेई मनोज कुमार ने बताया कि रास्ते को ठीक करा दिया गया। इसके साथ शनिवार से नदी के रास्ते से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है।

# बी.एस-सी. बायोलॉजी में शताक्षी और नैंसी प्रथम



**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज का बी.एस-सी. जीव विज्ञान (बायोलॉजी) पंचम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पाण्डेय ने बताया कि पंचम सेमेस्टर में शताक्षी ने 8.17 एसजीपीए (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और अनिकेत पाण्डेय व दिव्या गुप्ता ने क्रमशः 7.83 व 7.30 एसजीपीए के साथ क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर में नैन्सी भटनागर ने 7.57 एसजीपीए (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सुजाता चैहान व नैन्सी देवी ने क्रमशः 7.48 व 7.30 एसजीपीए के साथ क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता परमपूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती महाराज, स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार आजाद एवं उपप्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनुराग अग्रवाल सहित सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई और आशीर्वाद दिया।

# राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेडक्रास ने आयोजित की संगोष्ठी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव व राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन की आशाओं के प्रशिक्षक डा विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेड क्रॉस की सोच मुख्य रूप से मातृ मृत्यु दर को कम करने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने और गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। रेड क्रॉस स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से प्रसव के दौरान आपातकालीन रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने, महिलाओं को पोषण, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और हाई-रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर समय पर इलाज मुहैया कराने पर जोर देता है। रेड क्रॉस का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मां स्वस्थ रहे और सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दे सके संक्षेप में, रेड क्रॉस का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मां स्वस्थ रहे और सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दे सके। मातृत्व दिवस का उद्देश्य भी महिलाओं के लिए सुरक्षित चिकित्सकीय वातावरण और संस्थागत प्रसव के साथ उचित पोषण के साथ स्वस्थ जीवन की रूपरेखा तैयार करना है। अन्त में डा विजय जौहरी ने सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सुरक्षित मातृत्व प्रसव पर सहयोगी भूमिका के निर्वहन करने की शपथ दिलायी। गोष्ठी में डा विजय जौहरी,बाल कृष्ण पाण्डेय,ब्रजेश गुप्ता ,रवि कुमार,मीनू मिश्रा ,अनुज जौहरी,अग्रज जौहरी,अवनीश सक्सेना इत्यादि रेडक्रास के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# वॉइस रिकॉर्डिंग कैमरे के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में इन दिनों स्टाफ रूम में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरे लगाए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों ने इस निर्णय का विरोध जताते हुए स्पष्ट किया है कि वे शिक्षण कार्य का बहिष्कार नहीं कर रहे हैं, बल्कि काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों ने कैमरे लगाए जाने के विरोध में सांकेतिक रूप से काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया था तथा इस संबंध में प्राचार्य को एक पत्र भी दिया गया था, जिसे कार्यालय द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद उक्त पत्र को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राचार्य को भेजा गया। शिक्षकों का आरोप है कि जब वे निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंचे तो उपस्थिति पंजिका उपलब्ध नहीं कराई गई। पूछने पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ दुर्गावती द्वारा यह कहा गया कि कार्य बहिष्कार कर रहे हैं, इसलिए उनके हस्ताक्षर नहीं कराए जाएंगे। इस पर शिक्षकों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वे पूर्ण रूप से अपनी कक्षाएं ले रहे हैं और विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होने दे रहे हैं, इसलिए उन्हें कार्य बहिष्कार करने वाला बताना गलत और भ्रामक है। शिक्षकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी उपस्थिति विधिवत दर्ज की जाए तथा प्राध्यापक कक्षों में वॉयस रिकॉर्डिंग वाले कैमरे न लगाए जाएं, ताकि शैक्षणिक वातावरण और शोध कार्य प्रभावित न हो। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में शिक्षक डॉ सारिका अग्रवाल, डॉ श्वेता सक्सेना ,डॉ विजय गुप्ता,डॉ एम पी एस चैहान, डॉ आशीष गोयल, ऋतु शर्मा, रितु मिश्रा, नम्रता लता, डॉ उपासना श्रीवास्तव, प्रज्ञा वर्मा, डॉ रानू दुबे, डॉ मृदुल शुक्ला, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ निदा शाहिद, राजेश, डॉ अरुण कांत पांडे , डॉ उमेश भारती, सीता वर्मा , शैली पाठक, शेषांकी, संध्या भारती, भावेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



# प्रदेशव्यापी संगठन बनाने पर जोर, 53 नए सदस्य जुड़े

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश फार्मा एग्जीक्यूटिव ऑगेनाइजेशन (रजि.) की वार्षिक बैठक लोधीपुर स्थित एक होटल में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. राकेश मेहरोत्रा और वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. विजय पाठक ने पदाधिकारियों को संगठन संचालन के गुर बताए। मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे सभी सदस्यों की समस्याओं को समान रूप से सुनें और उनका समाधान कराएं। डॉ. राकेश मेहरोत्रा ने नेतृत्व क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में ह्यमैंह्व नहीं बल्कि ह्यआपह्व की भावना से कार्य करना चाहिए। वहीं, डॉ. विजय पाठक ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी कंपनी और कर्मचारियों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। संगठन के अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि प्रदेश स्तर पर फार्मा मैनेजरों का यह पहला रजिस्टर्ड संगठन है, जिसका उद्देश्य इसे प्रदेशव्यापी स्वरूप देना है। उन्होंने बताया कि संगठन का पंजीकरण उप श्रमायुक्त बरेली एवं श्रमायुक्त कानपुर के माध्यम से हुआ है और वर्षभर में 10 कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संगठन का लक्ष्य सदस्यों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा, आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सहयोग, अन्य जनपदों में विस्तार, रोजगार संबंधी विवादों का निस्तारण, पारिवारिक मिलन समारोह और आईएमए के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करना है। साथ ही वरिष्ठ सदस्यों द्वारा नए पदोन्नत सदस्यों को कौशल एवं व्यक्तित्व विकास में सहयोग दिया जाएगा। महामंत्री नवनीत मिश्रा ने वार्षिक आमसभा की शुरूआत करते हुए कहा कि यह संगठन व्हाट्सएप ग्रुप से कहीं आगे एक मजबूत और पंजीकृत मंच है। उन्होंने बताया कि अब तक 53 नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है, जिससे संगठन को मजबूती मिली है। कोषाध्यक्ष गौरव शुक्ला ने वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। वरिष्ठ सदस्य संजय श्रीवास्तव और मीडिया प्रभारी सतेंद्र मिश्रा ने भी संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में उपाध्यक्ष अमित गंगवार, संगठन मंत्री आशीष त्रिवेदी, कार्यालय प्रभारी संजीव अवस्थी, सहसचिव आलोक श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, संजय गुप्ता, विपिन शुक्ला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।




# डाकघर के पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर।** भाजपा सांसद अरुण सागर ने अपने कार्यालय पर पहुंचे फरियादियों और डाकघर के पदाधिकारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान आल इंडिया पोस्टल इम्पलाइज यूनियन ग्रूप सी के मंडलीय सचिव राजेश कुमार अपने पदाधिकारियों के साथ सांसद से मिले। उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि वर्ष 2001 में तत्कालीन डाक अधीक्षक ने संघ के संचालन के लिए एक यूनियन कक्ष आवंटित किया था। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान डाक अधीक्षक ने उस आवंटित संघ कक्ष को निरस्त कर प्रधान डाकघर के अंदर प्रथम तल पर एक नया कक्ष आवंटित किया है। यह नया कक्ष संघ के कार्य संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है, क्योंकि संघ के कार्यक्रम कार्यालय समय से पहले या सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी आयोजित होते हैं, जो परिसर के अंदर आवंटित कक्ष में संभव नहीं है। यूनियन ने मांग की है कि पूर्व में आवंटित संघ कक्ष या परिसर से बाहर कोई उपयुक्त कक्ष संघ को आवंटित किया जाए। साथ ही, यूनियन कक्ष के संबंध में डाक अधीक्षक के वर्तमान आदेश को तत्काल रुकवाने के लिए पोस्ट मास्टर बरेली और संचार मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली के समक्ष समुचित कार्रवाई की जाए। डाकघर पदाधिकारियों के अलावा, साउथ सिटी स्थित सांसद कार्यालय पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से दर्जनों फरियादी भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें थाने स्तर पर सुनवाई न होना और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने जैसी शिकायतें शामिल थीं। सांसद अरुण सागर ने सभी फरियादियों और पदाधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराया जाता है। भाजपा सरकार में जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, और जो लोग लाभ से वंचित हैं, उन्हें लाभ दिलाने का प्रयास भी लगातार किया जा रहा है।



# नाबालिग शोषण केस में महिला गिरफ्तार



**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म और शोषण के चर्चित मामले में सहयोग करने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह मामला पिछले कुछ समय से चर्चा में था और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी को दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई। बाद में उसका गर्भपात भी कराया गया। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान मेघा चैधरी पत्नी मोहित कुमार, निवासी मोहल्ला एमनजई जलालनगर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसके खिलाफ भी मुकदमे में धाराएं बढ़ाई और गिरफ्तारी की तैयारी शुरू की। रविवार को मुखबिर की सूचना पर महिला पुलिस टीम ने जलालनगर स्थित उसके घर के बाहर से सहअभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी दोपहर करीब 2.45 बजे की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

मा. मुख्यमंत्री उ.प्र.

श्री योगी आदित्यनाथ जी

की प्रेरणा से

संविधान निर्माता

बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी

की 135वीं जयंती के शुभ अवसर पर

नगर निगम मुरादाबाद द्वारा निर्मित



# संविधान साहित्य वाटिका

में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को सायं 7 बजे

प्रतिदिन आयोजित होने वाले

## एक भव्य विशेष लाइट एण्ड साउण्ड शो का शुभारम्भ




श्री विनोद अग्रवाल मा. महापौर जी की अध्यक्षता में

अति विशिष्ट अतिथि : श्री भूपेन्द्र चौधरी मा. सदस्य विधान परिषद

एवं

:: विशिष्ट अतिथि ::

| श्री रितेश कुमार गुप्ता | ठा. रामवीर सिंह | डा. जयपाल सिंह व्यस्त | श्री गोपाल अंजान | डॉ. शैफाली सिंह |
|---|---|---|---|---|
| मा. विधायक नगर | मा. विधायक कुन्दरकी | मा. सदस्य विधान परिषद | मा. सदस्य विधान परिषद | मा. अध्यक्ष जिला पंचायत |

श्री आंजनेय कुमार सिंह (आई.ए.एस.) मण्डलायुक्त, मुरादाबाद

की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है।

आयोजक – नगर निगम, मुरादाबाद


जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK